अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605





दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुल्तानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 14 अंक 212 | लखनऊ, सोमवार, 17 फरवरी 2025 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### रेलवे की बदइंतजामी से मची स्टेशन पर भगदड़ : राहुल

नई दिल्ली। कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रयागराज महाकुंभ जा रहे यात्रियों की नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने भगदड़ को रेलवे स्टेशन पर सरकार की बदइंतजामी और लापरवाही का नतीजा बताया और कहा कि रेलवे संवेदनशीलता से काम करता तो इस तरह की दुखद घटना नहीं होती। श्री गांधी ने कहा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से कई लोगों की मृत्यु और कईयों के घायल होने की ख़बर अत्यंत दुखद और व्यथित करने वाली है। शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं।

### अमेरिका से डिपोर्ट आठ अप्रवासी अहमदाबाद पहुंचे

अहमदाबाद। अमेरिका में अवैध रूप से घुसे गुजरात के आठ अप्रवासियों को लेकर विमान रविवार सुबह करीब 11.30 बजे अहमदाबाद हवाईअड्डे पहुंचा। हवाईअड्डे पर जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी लोगों को पुलिस बंदोबस्त के साथ काले पर्दे वाले वाहन में बिठाकर उनके घर के लिए रवाना किया गया। डिपोर्ट सभी लोगों में मेहसाणा जिले के छह और गांधीनगर दो नागरिक बताए जा रहे हैं। अमेरिका में अवैध रूप से घुसे भारतीयों को वहां के प्रशासन ने डिपोर्ट करने का क्रम जारी है। दूसरे चरण में 116 अप्रवासी भारतीयों को डिपोर्ट किया गया है। इसके तहत 15 फरवरी शनिवार की रात 11.40 बजे अमेरिकन एयरफोर्स का विमान अमृतसर पहुंचा, जिसमें 8 गुजराती समेत कुल 116 अप्रवासी भारतीय थे।

### दिल्ली वालों की नाकामी के कारण रेलवे स्टेशन पर लोगों की जान चली गयी : अखिलेश यादव

औरैया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कानपुर से इटावा सड़क मार्ग से जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक स्थान पर सपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से वार्ता में कहा कि कुंभ में खोने वाले लोग अभी तक नहीं मिले हैं। अब तो दिल्ली वालों की नाकामी से रेलवे स्टेशन पर जान चली गई है। 100 करोड़ का इंतजाम करने वाले लोग अपने आप को चमका रहे हैं।

# प्रलय की प्रतीक्षा न करें, धरती को अभी से हराभरा बनाएं : योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुम्भ की आस्था और जलवायु परिवर्तन से संबंधित जलवायु सम्मेलन का किया शुभारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- श्रद्धालुओं से सीएम योगी की अपील, महाकुम्भ में जाम से बचने के लिए निर्धारित पार्किंग में ही खड़े करें वाहन
- दिल्ली हादसे पर सीएम योगी ने जताया अफसोस, सभी पुण्य आत्माओं को अर्पित की विनम्र श्रद्धांजलि

महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज महाकुम्भ में कुम्भ की आस्था और जलवायु परिवर्तन विषयक जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य ही केवल इस सृष्टि का एकमात्र जीव नहीं है।

जीव जंतुओं का जीवन चक्र मनुष्य के साथ और मनुष्य का जीवन चक्र उनके साथ जुड़ा हुआ है। उनका अस्तित्व रहेगा तो हमारा भी अस्तित्व रहेगा और यदि उन पर संकट आएगा तो हमारे अस्तित्व पर भी संकट आएगा। उन्होंने कहा कि हम प्रलय की प्रतीक्षा ना करें, बल्कि अभी से धरती को हरा भरा बनाएं। कुम्भ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। उन्होंने कहा कि जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगा। इस दौरान सीएम योगी ने दिल्ली में हुई घटना पर अफसोस जताते हुए सभी पुण्य आत्माओं के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित की। मुख्यमंत्री ने



कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में जब जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं तो एक-दूसरे पर दोषारोपण होने लगता है। यही स्थिति महाकुम्भ में भी देखने को मिल रही है। एरियल सर्वे में देख रहा था कि पार्किंग की जगह खाली है, लेकिन हर व्यक्ति सड़क पर अपनी गाड़ी खड़ी करके संगम स्नान को जा रहा है। अगर वही व्यक्ति पार्किंग के स्थान पर अपना वाहन पार्क करे तो हो सकता है कि उसे 100 मीटर ज्यादा पैदल चलना पड़े, लेकिन सड़क पर कहीं जाम नहीं होगा और आसानी से वह संगम में स्नान कर सकेगा। उन्होंने कहा कि इस जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए हम सब कहां भागीदार हैं, इसके बारे में चिंतन करना और उसे अपने व्यवहारिक जीवन में उतारना, यह सचमुच महाकुम्भ का हिस्सा बनना चाहिए। इसे हर किसी को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

सीएम योगी ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर कार्य कर रही है, लेकिन हमारा भी प्रयास होना चाहिए कि हम भी इसमें कैसे भागीदार बन सकते हैं। दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग करना क्या हम रोक पाएंगे, क्या नदियों पर कब्जा करना और प्रदूषण करने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण कर पाएंगे, वन्य जीवों के प्रति क्या हमारे मन में भी संवेदना जागृत होगी, क्योंकि जैसे हमारा जीवन चक्र है ऐसे ही धरती माता का भी अपना एक जीवन चक्र है। हम दोनों को एक साथ जोड़ करके देखेंगे तब यह सृष्टि रहेगी। एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ आस्था के नाम लगाने के क्रम में हम भी सहभागी बन सकें।इस अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, परमार्थ आश्रम के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती मुनि, जगद्गुरु स्वामी मुकुंदानंद, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना एवं राज्य मंत्री केपी मलिक समेत विधायक व अधिकारी उपस्थित रहे।

### जलवायु परिवर्तन के कारण सूख रहीं नदियां

सीएम योगी ने कहा कि 13 जनवरी से लेकर 16 फरवरी के बीच 52 करोड़ श्रद्धालु मां गंगा, यमुना और मां सरस्वती की इस पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। 52 करोड़ लोग तब यहां डुबकी लगा पा रहे हैं, जब मां गंगा, यमुना और मां सरस्वती की कृपा से यहां अविरल जल उन्हें मिल पा रहा है। जो भी यहां डुबकी लगा रहा है उसे आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव मिल रहा है। इस अनुभव को जब वह अपने गांव में और आसपास के क्षेत्र में साझा कर रहा है, तभी वहां से बड़े पैमाने पर श्रद्धालु यहां आकर इस पूरे आयोजन को सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको सोचना होगा की कार्बन उत्सर्जन और पर्यावरण के प्रदूषण का कारण जलवायु परिवर्तन है।

### मर चुकी नदियों को पुनर्जीवित किया जा रहा

सीएम योगी ने कहा कि धरती माता के साथ खिलवाड़ न हो, इसको ध्यान में रखते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया गया है। उत्तर प्रदेश में पिछले 8 वर्षों के अंदर हमारी सरकार ने 210 करोड़ वृक्षारोपण किया है। वन विभाग के द्वारा जो वृक्ष लगाए गए हैं उसमें 70 से लेकर 80 फीसदी पौधे सुरक्षित हैं।

# यूपी विधान सभा बजट सत्र से पहले समीक्षा बैठक



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने रविवार को सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में यूपी विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। योगी सरकार का 20 फरवरी को बजट पेश होगा।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का कार्यक्रम जारी किया जा चुका है। 18 फरवरी को सुबह 11:00 राज्यपाल के अभिभाषण के साथ सत्र आरंभ होगा और 5 मार्च तक सदन चलने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के उपरांत औपचारिक कार्य अध्यादेशों अधिसूचनाओं नियमों आदि सदन के पटल पर रखा जाएगा। दूसरे दिन 19 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। विधाई कार्य भी किए जाएंगे 20 फरवरी को योगी आदित्यनाथ सरकार 2025-26 का बजट प्रस्तुत करेगी। बजट प्रस्तुत करने के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा चलेगी। 21 फरवरी को भी राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा एवं विधाई कार्य पूरे किए जाएंगे।

# भारत को विकसित बनाने में कपड़ा क्षेत्र का भी होगा बड़ा योगदान: प्रधानमंत्री

- नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'भारत टेक्स-2025' कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित
- 14 से 17 फरवरी तक चलने वाले वैश्विक स्तर के भारत टेक्स आयोजन में 120 से अधिक देश ले रहे हैं भाग

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में सदियों से कपड़ा उद्योग की बड़ी भूमिका रही है। वर्तमान में भारत को विकसित बनाने में भी कपड़ा क्षेत्र का बड़ा योगदान रहने वाला है। भारत टेक्स जैसे आयोजन इस क्षेत्र में भारत की स्थिति को मजबूत बना रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'भारत टेक्स-2025' कार्यक्रम को संबोधित कर

थे। वैश्विक स्तर का आयोजन 14 से शुरू हुआ था और 17 फरवरी तक चलेगा। भारत टेक्स में 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा कपड़ा और परिधान निर्यातक देश है। भारत का निर्यात 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। अब हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक हम इसे 9 लाख करोड़ रुपये तक लेकर जाएं। भारत के कपड़ा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान और संभावनाओं का सृजन हमारा संकल्प है। इसके लिए हम दूरदर्शी और लम्बे कालखंड के नवाचार पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में भारत की कपड़ा रिसाइक्लिंग बाजार 40 करोड़ डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। वैश्विक रिसाइक्लिंग बाजार करीब 7.5 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। अगर हम सही दिशा में आगे बढ़ें, तो भारत इसमें और बड़ा शेयर हासिल कर सकता है।

# महाकुम्भ का कीर्तिमान, सनातन की सुनामी

- महाकुम्भ में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने को धर्माचार्यों और शोध कर रही संस्थाओं ने बताया अद्भुत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



महाकुम्भ नगर। पावन संगम की धर्मधरा में धर्म, अध्यात्म एवं आस्था के महासंगम प्रयागराज महाकुम्भ में रविवार तक करीब 52 करोड़ लोग पुण्य स्नान कर चुके हैं। मात्र 33 दिनों में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन से इतिहास बन गया है। यह भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय एकता की मिसाल है। सनातन के इस विराट दर्शन के अलग-अलग निहितार्थ साधु समाज, धर्माचार्य और शोध संस्थान बता रहे हैं। संगमनगरी की धरती पर 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य व नव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम 'महाकुम्भ 2025' इतिहास रच चुका है। महाकुम्भ के समापन के पूर्व ही 33 दिनों में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। साधु संत और धर्माचार्य इस उपलब्धि को सनातन की बता रहे हैं। सनातन धर्म के ध्वज वाहक 13 अखाड़ों में सबसे पहले अस्तित्व में आए श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी का कहना है कि महाकुम्भ में उमड़ा जन आस्था का यह सैलाब सनातन धर्म की सुनामी है।

# ट्रैवलर व बस की टक्कर में चार श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत

- सड़क हादसे में घायल हुए श्रद्धालुओं का इलाज जारी! मृतकों में मां व बेटा शामिल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बाराबंकी। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर रविवार तड़के एक ट्रैवलर बस पहले से खड़ी डबल डेकर बस से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई ।जिसमें दो महिलाओं समेत चार श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गई वहीं दुर्घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैवलर के परखच्चे उड़ गए। चीख पुकार सुनकर बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी । सूचना के बाद थाना प्रभारी ने उच्च अधिकारियों को सूचना देते हुए भारी संख्या में पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और बचाव एवं राहत कार्य शुरू कर दिया ।पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, एडिशनल एसपी अखिलेश नारायण सिंह, एसडीएम हैदरगढ़ सहित घटनास्थल पर पहुंचकर चल रहे रेस्क्यू में आवश्यक दिशा निर्देश दिए । घायलों को बाहर निकाल कर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर एंबुलेंस के माध्यम से पहुंचाया जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र से चलकर मथुरा होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के रास्ते अयोध्या जा रही थी।

# केन्द्रीय बजट में रखा गया है हर वर्ग का ध्यान: पर्यटन मंत्री



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

फिरोजाबाद। प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री ने रविवार को केंद्रीय बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि विकसित और सशक्त भारत के लिये 2025 - 26 के केन्द्रीय बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। यह बजट 145 करोड़ देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया केंद्रीय बजट न केवल 145 करोड़ देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को सिद्ध करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह भारत के आर्थिक विकास और समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त करता है। इस बजट में विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, जो 'सबका साथ, सबका विकास' की अवधारणा को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा। विशेषकर युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीब वर्ग के कल्याण हेतु की गई घोषणाएं स्वागत योग्य हैं। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रावधान निश्चित रूप से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। यह बजट आर्थिक विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है। गरीबों और मिडिल क्लास को ध्यान में रखते हुए तथा 2047 तक विकसित भारत बनाने वाले रोडमैप वाला बजट मोदी सरकार द्वारा पेश किया है।

# उप्र ने कठिन कार्य को भी सरलतापूर्वक बनाया संभव: गडकरी

## केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्री ने पत्नी व परिवार समेत रविवार को त्रिवेणी संगम में लगाई आस्था की डुबकी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- महाकुम्भ-2025 में योगी सरकार द्वारा की गई तैयारियों व व्यवस्थाओं से प्रसन्न गडकरी ने जमकर की प्रशंसा

महाकुम्भनगर। तीर्थराज प्रयागराज में महाकुम्भ-2025 के महासमागम की दिव्यता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। प्रतिदिन यहां दिग्गजों का तांता लगा रहता है जो पुण्य की डुबकी लगाकर खुद को धन्य मानते हैं। इसी क्रम में, रविवार को केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्री नितिन गडकरी पत्नी व परिवार समेत त्रिवेणी संगम में स्नान करके खुद का जीवन धन्य माना। प्रयागराज एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद सीएम योगी ने उनका स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। इसके उपरांत, गडकरी त्रिवेणी संगम पहुंचे जहां उन्होंने पत्नी व परिवार के साथ विधिवत स्नान व पूजन-अर्चन किया। गडकरी त्रिवेणी संगम में स्नान



कर अभिभूत दिखे और यह प्रसन्नता उनके चेहरे पर स्पष्ट रूप से देखी जा सकती थी।

उन्होंने योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इतने बड़े पैमाने पर होने वाले कार्यक्रम के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था की है जो सरल नहीं है। उनके अनुसार, यह प्रयास कड़ी मेहनत का हैं परिणाम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के काफी मेहनत की है जो स्पष्ट तौर पर दिख रही है। यही कारण है कि देशभर से लोग इस महासमागम में आने को लेकर उत्साहित व आनंदित हैं और खुद आकर यहां मिल रही अभूतपूर्व व्यवस्था का साक्षात्कार करना चाहते हैं।

गडकरी ने त्रिवेणी स्नान को लेकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि महाकुम्भ महापर्व देश भर की आस्था का केंद्र है। यही कारण है कि देशभर से लोग यहां गाड़ी लेकर आ रहे हैं। गडकरी ने बताया कि मेरे शहर नागपुर से भी हजारों लोग गाड़ियां लेकर यहां आए हैं। मेरे साथ कैबिनेट के सहयोगी भी साथ आए हैं। यहां के प्रशासन, पुलिस व कर्मचारियों ने अभूतपूर्व व्यवस्थाएं की हैं। मां गंगा में आशीर्वाद हम सबको प्राप्त हो। निश्चित रूप से विश्व के कल्याण हो, सबका कल्याण हो यही हमारी भावना है। गडकरी ने त्रिवेणी संगम में पत्नी व परिवार के साथ स्नान किया और गंगा जल का आचमन कर सबके कल्याण की प्रार्थना की।

# पीएम एफएमई योजना में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को मिल रहा अनुदान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के और भी उन्नयन के लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएम एफएमई योजना) के तहत अनुदान सहायता दी जा रही है। सहायता मिलने से उद्योगों को नये पंख लग रहे हैं।

खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक विजय बहादुर द्विवेदी ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को अधिकतम दस लाख रूपये तक की अनुदान सहायता से परियोजना लागत की 35 प्रतिशत क्रेडिट लिंक्ड अनुदान सहायता दी जा रही है। यथा निर्धारित अधिकतम सीमा तक पूंजी व्यय के लिए स्वयं सहायता समूहों, एफपीओ, सहकारिता को परियोजना लागत की पैतींस प्रतिशत क्रेडिट लिंक्ड अनुदान सहायता मिल रही है। उन्होंने बताया कि वर्किंग कैपिटल के रूप में खाद्य प्रसंस्करण में कार्यरत स्वयं सहायता समूहों के प्रति सदस्य को चालीस हजार रुपये की दर से प्रारम्भिक पूंजी की सहायता दे रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों, एफपीओ के लिए निर्धारित अधिकतम सीमा तक कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए परियोजना लागत की पैतीस प्रतिशत क्रेडिट लिंक्ड अनुदान सहायता और यथा निर्धारित सीमा तक व्यय के पचास प्रतिशत तक बिक्री व ब्रांडिंग के लिए सहायता दी जा रही हैं।

## योजना की पात्रता के लिए तीन प्रमुख बिन्दु

पीएम एफएमई योजना में आवेदनकर्ता की नागरिकता भारतीय होनी आवश्यक है। उसकी उम्र अट्ठारह वर्ष होनी चाहिए। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने वाले परिवार के एक ही सदस्य को आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। वहीं आवेदनकर्ता को अपने आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, स्थायी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाता, पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर को उपलब्ध कराना होगा।

## एई की रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल

लखनऊ। गोरखपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृहजनपद में भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति को पलीता लग रहा है। विकास भवन में तैनात सहायक अभियंता बैजनाथ सिंह का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह दिनदहाड़े ऑफिस में रिश्वत की रकम गिनते नजर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक एई बैजनाथ सिंह विधायक निधि और सांसद निधि से होने वाले कार्यों में 5 फीसदी की रकम रिश्वत के रूप में वसूलते हैं। वायरल वीडियो में वह एक स्कूल प्रबंधक से 8000 रुपये की रिश्वत लेते हुए साफ दिख रहे हैं। लोगों का कहना है कि बैजनाथ सिंह रिश्वत लेने में किसी से कोई समझौता नहीं करते और बिना तय रकम लिए कोई फाइल आगे नहीं बढ़ती। यह मामला मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार विरोधीअभियान को खुली चुनौती दे रहा है। अब देखना है कि प्रशासन वायरल वीडियो के आधार पर क्या कार्रवाई करता है और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।

# नवाब-ए-वाक में जटिल रोगों के प्रति जागरूकता के लिए डाक्टरों ने किया पदयात्रा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ के इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन संस्था ने रविवार की सुबह नवाब-ए-वाक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें संस्था से जुड़े डाक्टरों ने जागरूकता पदयात्रा कर लोगों को जटिल रोगों की गंभीरता से अवगत कराया। पदयात्रा 1090 चौराहे से प्रारंभ होकर होटल ताज से वापस होकर 1090 चौराहे पर पहुंचकर समाप्त हुई। डॉ. पुष्पराज सिंह ने बताया कि चिकित्सकों ने सुबह सवेरे पदयात्रा कर जटिल रोगों की पहचान, उनके इलाज एवं रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील की है। पदयात्रा में उपस्थित डाक्टरों ने विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर खुलकर चर्चा की और जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करने का संदेश दिया। पदयात्रा कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ.तनमय घटक, डॉ.सुहैल सरवर सिद्दीकी, डॉ.मुस्ताशिन मलिक, डॉ. शिवम श्रीवास्तव सहित लखनऊ शहर के सौ से अधिक डाक्टरों ने प्रतिभाग किया। डाक्टरों ने लोगों को रोग मुक्त रहने के लिए स्वयं से पैदल चलने की आदत को जीवन में ढ़ालने की अपील भी की।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक,छात्र, डॉक्टर और कारोबारी करेंगे एआई की पढ़ाई, योगी सरकार की महायोजना तैयार

लखनऊ। यूपी में लाखों शिक्षक, डॉक्टर, कारोबारियों, महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों से जुड़े किसानों को अब एआई की पढ़ाई करनी होगी। इसके लिए योगी सरकार की महायोजना तैयार है। एआई यानि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अहमियत को देखते राज्य में मानव संसाधन को इसमें पारंगत बनाने की तैयारी है। महाकुम्भ के बाद इस महाअभियान को आगे बढ़ाया जाएगा। अलग-अलग चरणों में इन लोगों को क्लासरूम ट्रेनिंग के जरिए एआई और मशीन लर्निंग के बारे में बताया पढ़ाया जाएगा और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। ऑफलाइन कक्षाएं लगेंगी।डॉक्टर एआई टूल्स के जरिए बीमारियों की पहचान कर सकेंगे। सरकारी अधिकारी एआई आधारित डिसीजन सिस्टम के बारे में दक्ष होंगे। शिक्षक इसके जरिए शिक्षा प्रबंधन में एआई उपयोग के बारे में सीखेंगे। छात्रों के लिए रोजगार के मौके उपलब्ध होंगे। किसान एआई आधारित फसल योजना, कीटनाशक नियंत्रण व बाजार के बारे में बेहतर काम कर पाएंगे।असल में पिछले दिनों दावोस में वर्ल्ड इकनामिक फोरम की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। वहां से लौटकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बैठक कर इस अभियान की योजना बनाई और आईटी कंपनियों को तैयार कर लिया सरकारी अधिकारी- आईएएस, पीसीएस अधिकारी, जिला, निदेशालय व निगमों के कर्मचारी,शिक्षक व प्रोफ़ेसर- प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक व पालीटेक्निक व आईटीआई के शिक्षक,डाक्टर , माध्यमिक उच्च शिक्षा के छात्र, पालीटेक्निक व आईटीआई छात्र, प्रोफ़ेशनल्स व कामकाजी महिलाएं, प्रधान, प्रगतिशील किसान, स्वयं सहायता समूह,यूपी में एआई ज्ञान से लैस होंगे लाखों शिक्षक, अधिकारी, डाक्टर, किसान, कारोबारी,कुम्भ के बाद यूपी में निजी आईटी कंपनियां प्रशिक्षण देंगी।ऑफलाइन प्रशिक्षण के लिए बड़े शहर में विशेष कक्षाएं लगेंगी।दावोस समिट में यूपी को एआई तकनीक का हब बनाने की योजना बनी थी।

### लखनऊ में युवक ने माता पिता को हथौड़ा मारकर मौत के घाट उतारा

लखनऊ। लखनऊ में एक युवक ने शनिवार की देर रात अपने माता-पिता को हथौड़ा मारकर घायल कर दिया था। उन्हें इलाज के लिए केजीएमयू में भर्ती कराया गया, जहां रविवार की सुबह दोनों की मृत्यु हो गई। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि जबरौनी गांव के रहने वाले विशनेश ने पिता जगदीश (70) और माता शिव प्यारी (68) से शनिवार की रात किसी बात पर हुए विवाद में हथौड़ा मारकर घायल कर दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां रविवार की सुबह डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शवों को कब्जे में लेकर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

### इंश्योरेंस क्लेम का कम पैसा मिलने से परेशान मेडिकल स्टोर संचालक फांसी पर लटका

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज इलाके में शनिवार को मेडिकल स्टोर संचालक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर ली। 19 जनवरी को उनकी दुकान में आग लग गई थी। जिसका इंश्योरेंस क्लेम कम मिलने से परेशान चल रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। अढ़ाई बाजार बालागंज ठाकुरगंज निवासी प्रकाश चंद जायसवाल (52) घर में ही उमा मेडिकल स्टोर नाम से दुकान चलाते थे। घर के पिछले हिस्से में परिवार के साथ रहते थे। प्रकाश चंद्र की दुकान में 19 जनवरी की रात को आग लग गई थी। जिसके चलते दुकान का सारा सामान जल गया था। इसके बाद से काफी परेशान रहने लगे थे। शनिवार दोपहर अपने कमरे में दुपट्टे से पंखे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी ऋचा जब उन्हें बुलाने गई तो उन्हें लटकता देख उसकी चीख निकल गई। आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिवार में पत्नी ऋचा और तीन बच्चे हैं।

# ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुई एनसीसी सी सर्टिफिकेट परीक्षा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। पूरे देश में रविवार को एनसीसी कैडेट्स की सी सर्टिफिकेट परीक्षा सम्पन्न करवाई गई। राजधानी के लॉमार्ट्स गर्ल्स कॉलेज और श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज में लखनऊ एनसीसी ग्रुप ने भी सी सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन किया। सुबह 7 बजे से ही एनसीसी कैडेट्स कॉलेज प्रांगण में पूरी तैयारी और जोश के साथ दिखाई दिए। सघन तलाशी के बाद एनसीसी कैडेट्स को परीक्षा देने के लिए कक्षाओं में प्रवेश दिया गया और उनके बैठने की व्यवस्था भी ऐसी थी कि नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न करवाई जा सके। एनसीसी के इतिहास में पहली बार ओएमआर शीट से यह परीक्षा करवाई जा रही है। श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज में एनसीसी सी सर्टिफिकेट परीक्षा इंचार्ज कर्नल राजकुमार कमाण्डिंग ऑफिसर 22 यूपी बटालियन, लेफ्टिनेंट कर्नल कविता सीआर, एओ 20 यूपी गर्ल्स बटालियन रहे। श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज में कुल पांच एनसीसी बटालियन की परीक्षा एक साथ हुई जिसमें 3 नेवल, 5 एयर, 67 यूपी बटालियन, 63 तथा 64 यूपी बटालियन के कैडेट्स ने सी सर्टिफिकेट परीक्षा दी। परीक्षा सेंटर इंचार्ज और 67 यूपी बटालियन एनसीसी के सीओ कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे देश में ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में यह परीक्षा आयोजित हो रही है। लिखिए परीक्षा से पहले प्रयोगात्मक परीक्षा हुई थी जिसमें कैडेट्स ने ड्रिल, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट व बैटेल क्राफ्ट और संचार की परीक्षाएं दी थी। तीन घंटे की परीक्षा सुबह 10रू30 बजे से शुरू हो कर दोपहर 1रू30 बजे तक चली।

# कांशीराम के पद चिन्हों पर चलने वाला ही होना चाहिए बसपा का उतराधिकारी : मायावती

- बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर दिया संदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में बीते कुछ दिनों से यह हलचल है कि मायावती अपना उतराधिकारी ढूंढ रही है। इन सारी अटकलों पर विराम लगाते हुए पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने एक बार फिर उतराधिकारी के पद पर अपना रूख स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि बसपा उतराधिकारी उनके जीते जी कोई कांशीराम के पद चिन्हों पर चलने वाला ही होगा। उन्होंने रविवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कांशीराम की उत्तराधिकारी होने के नाते उनके पदचिन्हों पर चलते हुए मैं भी अपनी आखिरी सांस तक हर कुर्बानी देकर संघर्ष जारी रखूंगी। ताकि बहुजन समाज के लोग राजनीतिक गुलामी व सामाजिक लाचारी के जीवन से मुक्त होकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें। मायावती ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के मानवतावादी आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के कारवां को सत्ता तक पहुंचाने के लिए कांशीराम ने सब कुछ त्यागकर स्थापित की गई पार्टी व मूवमेन्ट, जिसमें स्वार्थ, रिश्ते-नाते आदि महत्वहीन अर्थात बहुजन-हित को सर्वोपरि रखा था। देश भर में बसपा के छोटे-बड़े सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को भी पार्टी प्रमुख द्वारा निर्देश, निर्धारित अनुशासन एवं दायित्व के प्रति पूरी निष्ठा व ईमानदारी से जवाबदेह होकर पूरे तन, मन, धन से लगातार काम करते रहना जरूरी है। इसी जिम्मेदारी के साथ खासकर कैडर के बल पर, ज़मीनी स्तर पर पार्टी संगठन की मज़बूती व सर्वसमाज में जनाधार को बढ़ाने के साथ ही आगे भी हर चुनाव की तैयारी में पूरी दमदारी के साथ लगना है, ताकि बहुजन समाज की एकमात्र आशा की किरण बसपा को अपेक्षित व प्रतीक्षित सफलता मिल सके।

## वक्फ बिल की फर्जी रिपोर्ट संसद में पेश, तिरुपति मंदिर के पास वक्फ से दोगुनी संपत्तिः उदित राज

लखनऊ। राजधाानी लखनऊ में रविवार को सहकारिता भवन में सम्मेलन का आयोजन किया गया। दलित, ओबीसी, माइनॉरिटी और आदिवासी संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संविधान और आरक्षण समेत विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश सभाजीत यादव ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद डॉ. उदित राज ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डॉ. उदित राज ने कहा आरक्षण को बचाने की जदोजहद चल रही है। संविधान और आरक्षण की लड़ाई लड़ने के लिए सबको आगे आना चाहिए। उत्तर प्रदेश में बहुजन आंदोलन को दोबारा खड़े करने का प्रयास है। आरक्षण बचाना, संविधान बचाना, ईवीएम हटाना और जातीय जनगणना हमारे मुद्दे हैं। उन्होंने कहा हम वक्फ बोर्ड बचाव आंदोलन कर रहे हैं। जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के सामने पेश हुए थे। हमने कहा था जितनी वक्फ संपत्ति है। इसकी वेल्थ 1.2 लाख करोड़ है।

# टीबी मुक्त लखनऊ अभियान जारी, प्रदीप गंगवार की मेहनत लाई रंग, 21 मरीजों को 1 महीने के अंदर लिया गोद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। केजीएमयू के उप नर्सिंग अधीक्षक प्रदीप गंगवार ने 18 जनवरी को लखनऊ को टीबी मुक्त करने का अभियान शुरू किया था। इसके लिए उन्होंने टीबी से पीड़ित तीन गरीब मरीजों को गोद भी लिया था। उनकी इस कोशिश को देखते हुए उनके साथ सैंकड़ों लोग जुड़ने के लिए तैयार थे, यहीं वजह है कि महज एक महीने से भी कम समय में 21 मरीजों को उन्होंने गोद लिया है जिसमें टीबी अस्पताल के 6 मरीज भी शामिल है। प्रदीप गंगवार ने बताया है कि जिन 21 मरीजों को उन्होंने गोद लिया है। उन 21 मरीजो की मदद के लिए अमित सिंह, डॉ अनमोल, सुनील चौहान, सुरभि वर्मा, सुरेश कुमार, बलराम समेत अन्य लोग सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि ह्णशनिवार को टीबी मुक्त लखनऊ के क्रम को आगे बढ़ाते हुए टीबी अस्पताल ठाकुरगंज के 6 मरीजों को गोद लिया गया। इस दौरान टीबी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एस पी सिंह, अंजुम आरा मेट्रन, एजाज़ अहमद, रजनीश श्रीवास्तव, वीरेंद्र पांडेय, ज्योति श्रीवास्तव, अनूप कुमार, सुरेश वर्मा, नरेंद्र कुशवाहा इत्यादि मौजूद रहे।

## बेटे ने मां-बाप पर हथौड़े से सिर पर ताबड़तोड़ किए वार, हत्या के बाद भागा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बेटे ने मां-बाप की हथौड़े से मारकर हत्या कर दी। शनिवार रात 10 बजे बेटे का माता-पिता से प्रॉपर्टी को लेकर कहासुनी हो गई थी। बात इतनी बढ़ी कि बेटा कमरे से हथौड़ा लेकर आया। पत्नी और छोटे भाई ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने उन्हें धक्का देकर हटा दिया। इसके बाद उसने हथौड़े से ताबड़तोड़ वार किए। माता-पिता खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़े। चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी बेटा वहां से फरार हो गया। लोग पति-पत्नी को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पूरी घटना मोहनलालगंज के जबरौनी गांव की है। आरोपी विशनेश जबरौली गांव का रहने वाला है। उसके पिता का नाम जगदीश (70), जबकि मां का नाम शिवप्यारी (68) था। एडीसीपी अमित कुमावत ने जगदीश के छोटे बेटे गोलू की शादी तय हो गई थी। 10 दिन पहले तिलक हुआ था। जगदीश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, इसलिए वह छोटे बेटे की शादी के लिए जमीन बेचना चाहते थे, लेकिन बड़ा बेटा विशनेश इसका विरोध कर रहा था।

# लखनऊ में बंदरों का आतंक, युवक ने छत से लगाई छलांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। आशियाना में अचानक बंदरों के झुंड ने दूसरी मंजिल की छत पर मौजूद युवक पर हमला कर दिया तो वह घबरा गया और उसने दहशत में छत से ही छलांग लगा दी जिससे नीचे गिरने से उसकी मौत हो गयी। आनन फानन में लोगों ने उसे लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 18 वर्षीय अरविन्द मूलरूप से रायबरेली जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र स्थित शुक्ला का पुरवा का रहने वाला था। उसके पिता संतोष तेलीबाग में रहकर मजदूरी करते हैं इसलिए वह गुरुवार को गांव से राशन लेकर पिता को देने आया था। अरविंद के चाचा राम करन आशियाना में कासा ग्रीन के पास किराये के मकान में रहते हैं इसलिए वह उन्हे भी राशन देने गुरूवार को चला गया था। शुक्रवार दोपहर जब वह दूसरी मजिल की छत पर था तभी बंदरों के एक झुंड ने उसपर हमला कर दिया, जब तक वह विरोध जताता तब तक बंदरों ने उसे दौड़ा लिया, इस दौरान वह दहशत में आ गया और दूसरी मंजिल से ही छलांग लगा दी जिससे नीचे गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया था लेकिन मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया था। घटना के बाद से पिता संतोष, मां सुनीता, चार बहनों और दो भाईयों को रो रोकर बुरा हाल है। वहीं क्षेत्र के लोगों का कहना है कि मोहल्ले में बंदरों का काफी ज्यादा आतंक है।

## शिव विहार में 2 साल के बच्चे पर किया हमला

पीजीआई क्षेत्र के तेलीबाग स्थित शिव विहार में बंदरों का लगातार आतंक जारी है। एक बार फिर बंदरों ने दो साल के बच्चे पर हमला कर दिया जिससे बच्चे को काफी चोट पहुंची है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो साल के बच्चे छोटू को मां गोद में लेकर जा रही थी तभी बंदर ने हमला कर दिया और बच्चे को लहूलुहान कर डाला, हालांकि आस पास के लोग दौड़े तो बंदर वहां से भाग निकला। बता दें कि इससे पहले बंदर कोमल तिवारी, डेढ़ साल के बच्चे शौर्य, बीना, स्वाती समेत डेढ़ दर्जन लोगों को अपना निशाना बना चुके हैं लेकिन शिकायत करने के बावजूद प्रशासन से कोई भी मदद नहीं मिल सकी। बंदरों के आतंक से स्थानीय लोगों में काफी खौफ है, बच्चे भी स्कूल जाने में डरते हें, यही नहीं लोग अपनी छत पर भी नहीं जा रहे हैं।

## पत्नी से झगड़े के बाद, पुरोहित फांसी पर लटका, मौत

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। मकान की दूसरे मंजिल पर छज्जे में लगी सरिया से शव लटकता मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा के भटगांव वादे खेड़ा में रोहित उर्फ अमित अवस्थी (32), अपनी पत्नी रोशनी अवस्थी और 5 साल के बेटे स्वास्तिक और 1 साल की बेटी के साथ रहता था। जीविका के लिए पुरोहित का काम करता था। शनिवार रात घर के सभी लोग खाना खाकर सो गए और रोहित अपने दो मंजिला मकान की छत पर हाल में सोने चला गया। रविवार सुबह जब रोहित काफी समय तक नीचे उतरकर नहीं आया। तो रोशनी उसे बुलाने के लिए छत पर गयी। लेकिन जीने के दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद मिली। कई बार आवाज देने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तब परिजन पड़ोसी के घर से होकर उसकी छत के रास्ते अपनी छत पर पहुंचे।

# प्लेटफॉर्म पर उतरते ही पति-पत्नी की ओर दौड़ी आरपीएफ कांस्टेबल

- प्रसव पीड़िता को पहुंचाया अस्पताल, महिला ने दिया स्वस्थ बच्चे को जन्म

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मथुरा रेलवे स्टेशन पर दिल छूने वाली घटना सामने आई है। ट्रेन रुकने के बाद प्लेटफॉर्म पर पति-पत्नी उतरे, तभी महिला आरपीएफ कांस्टेबल आंचल तोमर दौड़ते हुए उनके पास पहुंचीं। महिला यात्री को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर मथुरा स्टेशन पर दम्पति उतरे। महिला और उनका पति ट्रेन से रोहतक से झांसी जा रहे थे, लेकिन बीच रास्ते में मथुरा जंक्शन पर महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी। महिला का पति घबरा गया और उसने रेलवे पुलिस को सूचना दी। सूचना पर ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत महिला को मदद देने के लिए महिला आरपीएफ कंास्टेबल आंचल तोमर और उनके साथी मौके पर पहुंचे। महिला को समय पर अस्पताल पहुंचाया। महिला यात्री संतोषी अपने पति और एक बच्चे के साथ मध्य प्रदेश के महोबा से झांसी जा रही थी। उसे प्रसव पीड़ा हुई, महिला और उसका पति मथुरा स्टेशन पर उतर गए। आरपीएफ स्टाफ आंचल तोमर और उनकी टीम ने तुरंत एंबुलेंस की व्यवस्था की और महिला को अस्पताल पहुंचाया। ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत महिला को जिला महिला अस्पताल मथुरा के प्रसव वार्ड में भर्ती कराया।समय पर अस्पताल पहुंचने से महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। पति-पत्नी पाताल कोट एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे थे। जब महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी तो वे घबरा गए। उन्होंने रेलवे हेल्पलाइन पर सूचना दी, जिसके बाद मथुरा जंक्शन पर ट्रेन रुकते ही आरपीएफ महिला कांस्टेबल आंचल तोमर मौके पर पहुंची। वह बिना समय गवाए महिला को अस्पताल लेकर गईं और उसे भर्ती कराया। महिला को बाद में जिला अस्पताल मथुरा रेफर किया गया, जहां एक घंटे बाद उसने एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। इस समय मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और चिकित्सकों की देखरेख में हैं। आरपीएफ की मदद से महिला को सही समय पर उपचार मिल पाया और उसने सुरक्षित रूप से बच्चे को जन्म दिया।

# जीवन है अमूल्य, हेलमेट अवश्य पहनें: मंगला प्रसाद सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना

- नो हेलमेट, नो फ्यूल नीति को कड़ाई से लागू किया जाये: जिलाधिकारी
- संबंधित अधिकारी पेट्रोल पम्पों का औचक निरीक्षण करें: मंगला प्रसाद सिंह

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सम्बंधित अधिकारियों को जनपद हरदोई में नो हेलमेट, नो फ्यूल पॉलिसी को कड़ाई से लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नीति को लागू करने के लिए पेट्रोल पम्पों का औचक निरीक्षण करें साथ ही लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया जाये।

जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि हेलमेट अवश्य पहनें क्योकि सभी का जीवन उनके परिवार व समाज के लिए अमूल्य है और हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने इस सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारियों व फ्यूल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि फ्यूल कंपनियां भी पेट्रोल पम्पो को अपने स्तर से निर्देशित करें कि बिना हेलमेट किसी को भी पेट्रोल न दिया जाये। पेट्रोल पम्पो पर जागरूकता बैनर भी लगवाए जाएं। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह प्रारम्भ से ही जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को लेकर संवेदनशील रहे हैं। उनके निर्देशों पर ब्लैक स्पॉट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## जिलाधिकारी ने पुनः अपनी टीम को याद दिलाया उसका बल

- हमारी टीम काफ़ी क्षमतावान: मंगला प्रसाद सिंह

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** फॉर्मर रजिस्ट्री के सम्बन्ध में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने एक बार पुनः अपनी टीम का उत्साह बढ़ाते हुए कहा है कि उनकी टीम काफ़ी क्षमतावान है और सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी कार्य की प्रगति को लगातार बनाये रखें क्योंकि यह हमारे अन्नदाताओं के हितों से सम्बंधित है। अन्नदाता किसान शासन व प्रशासन की प्राथमिकताओं में हैं। विदित रहे कि नये साल के प्रथम दिन जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने वर्चुअल माध्यम से सभी सम्बंधित अधिकारियों को बधाई सन्देश देने के साथ ही उन्हें उनका बल याद दिलाया था। अधिकारियों व उनके कर्मचारियों ने भी अनवरत परिश्रम से जनपद को नये वर्ष के प्रथम माह के अंतिम दिन तक कुल फॉर्मर रजिस्ट्री की संख्या के मामले में 74वें स्थान से प्रथम स्थान पर पहुँचा दिया। प्रतिशत के मामले में भी जनपद प्रदेश में दूसरे स्थान पर पहुँच गया। जिलाधिकारी ने पुनः एक बार अपनी राजस्व व कृषि विभाग की टीम को उनका बल याद दिलाया है जिससे जनपद चन्द दिनों में ही प्रतिशत के मामले में भी प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ होगा।

## रामलीला में कलाकारो ने मन मोहा

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** भगवान श्री राम की लीला में नुमाइश मेला मैदान में श्री गोविन्द गोपाल लीला संस्थान के द्वारा कन्हैया लाल के कुशल निर्देशन में राम महाराज अत्रि मुनि से मिलकर आगे चले तो दंडक बन में मुनियों से सुंदर मिलन हुआ और नगर की नारियों द्वारा सुंदरता का वर्णन हुआ और विराध नामक राक्षस का राम ने उद्धार किया आगे सरभंग नामक ऋषि से मिलन हुआ राम ने सरभंग के ऊपर कृपा की और प्रभु के धाम को सरभंग पहुंचा स बड़ा सुंदर भाव रहा। इसी तरह रात्रि की बेला में राधा कृष्ण की सगाई हुई राधा कृष्ण का पहली बार मिलन संकेत वन में हुआ स भगवान ने राधा जी को खेलने अपने नंद गांव में बुलाया और राधा पहुंची तो माता यशोदा ने राधा का सुंदर श्रृंगार किया और गोद को भी भर दिया दोनों राधा कृष्ण की सगाई हो गई बड़ा आनंद पूर्ण प्रसंग रहा। मुख्य आयोजक राम प्रकाश शुक्ला, प्रेम शंकर द्विवेदी, अमलेंद्र नाथ मिश्र मांटी बाबू, राकेश गुप्ता, प्रमोद मिश्र, पुनीत द्विवेदी, सहित सभी वरिष्ठ नागरिक व महिलाएं उपस्थित रही।

## तीन बच्चों की मां ने की आत्महत्या, घर में खाया ज़हर

**हरियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** थाना क्षेत्र के दो बेटे और एक बेटी की मां ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया जा रहा था। लेकिन उसी बीच उसकी रास्ते न में मौत हो गई। इसका पता होते ही कोतवाली शहर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। मिली जानकारी के मुताबिक हरियावां थाने के सीसीताली निवासी राधेश्याम की 35 वर्षीय पुत्री प्रीती की शादी लोनार थाने के जगदीशपुर निवासी प्रेमसागर के साथ लगभग 18 साल पहले हुई थी। उसके 14 साल की बेटी काजल व दो बेटे 11 वर्षीय सूरज व 7 वर्षीय अमित है। शुक्रवार को पति प्रेमसागर बाजार गया हुआ था। घर में और कोई नहीं था। वह वापस लौटा तो उसने प्रीती को बेहोश पाया और उसके मुंह से झाग निकल रहा था। उसे ऐसी हालत में देखते ही वह सारा कुछ समझ गया और अपने घर वालों की मदद से उसे उठा कर मेडिकल कालेज के लिए चल पड़ा। लेकिन उसी बीच रास्तें में ही प्रीती की मौत हो गई। इस बारे में उसके मायके वाले फिलहाल कुछ नहीं बोल पा रहे हैं। वहीं पति व ससुराल वाले भी चुप है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** ईमानदार व तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन पुलिस मित्र के प्रति आमजनमानस में इजाफा बढ़ाने के लिए दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही व अच्छे कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर हौसला अफजाई करते हैं। जिससे पुलिस कर्मियों का हौसला बढ़ता है। बेहतर कार्य कर कानून व्यवस्था को बेहतर करते हैं। पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली से आमजनमानस में विश्वास का इजाफा हुआ है। पुलिस विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए वह सदैव प्रयासरत हैं। शनिवार को जिले की पुलिस लाइन में स्थित सभागार कक्ष में जिले के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मी प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार थाना कछौना, वरिष्ठ उप निरीक्षक संजीव कुमार शाक्य, उपनिरीक्षक मोइन अहमद थाना कसौना, हेड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार, विकास शर्मा थाना कछौना, कांस्टेबल सनी कुमार, रोहित कुमार सहित जिले के पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र पाकर पुलिस कर्मी काफी उत्साहित हुए।

## शातिर महिला ने सर्राफा दुकान से चोरी की सोने की चेन, सीसीटीवी में कैद हुई घटना



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**पाली ( हरदोई )।** कस्बे की बाजार में एक सर्राफे की दुकान से शातिर महिला और ने अपने साथी के साथ चोरी की घटना को अंजाम दिया, महिला और उसके साथी ने सर्राफा कारोबारी से पहले कई तरह के जेवरात दिखाने को कहा और फिर मौका पाकर सोने की चेन छिपा ली। कुछ समय बाद महिला अपने साथी के साथ चैन लेकर फरार हो गई, दिनदहाड़े हुई चोरी की यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई पुलिस अब मामले में जांच कर रही है। सर्राफा कारोबारी अमन रस्तोगी ने बताया कि पाली कस्बे की मुख्य बाजार में उनकी दुकान है, जिस पर शनिवार शाम को वह अपने भाई रमन बैठे थे। दुकान पर एक महिला और उसके साथ एक पुरुष आया और पहले चांदी की पायल, बिछुआ,सोने के झाले और चेन देखे साथ ही सोने का हार दिखाने को भी कहा। जब उसका भाई रमन हार लेने के लिए घर गया तो, शातिर महिला अपने साथी के साथ सोने की चेन चुरा कर फरार हो गई। चोरी की यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित व्यापारी ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दीए जिसके बाद उप निरीक्षक राम औतार, ज्ञानेंद्र सिंह और महिला उपनिरीक्षक आकांक्षा सिंह ने हमराह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। पुलिस कर्मियों ने पीड़ित व्यापारी की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के अलावा आसपास के दुकानदारों के कमरों की फुटेज को भी खंगाला, पुलिस कर्मियों ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में लिया है।

थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## ओवरलोड ई-रिक्शा बने हैं दुर्घटनाओं का सबब



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** नगर पालिका क्षेत्र में ई रिक्शा चालकों की मनमानी की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लेकिन ई रिक्शा चालक ओवरलोडिंग से बाज नहीं आ रहे हैं। यह तस्वीर जो हमारे पाठक देख रहे हैं यह तस्वीर बाजार संभा मार्ग की है। ई रिक्शा चालक जितना सामान अंदर रखते हैं उससे ज्यादा सामान ई रिक्शा की छत पर लाद कर चलते हैं जिससे भीड़ भाड़ वाले इलाके में दुर्घटनाएं हो जाती हैं। अक्सर ई रिक्शा की छत पर से सामान नीचे गिर जाता है और पास से गुजरने वाले लोग घायल हो जाते हैं। लेकिन ई रिक्शा चालक ज्यादा पैसे कमाने के लालच में ई रिक्शा की छत पर भी सामान लाद लेते हैं। जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही है। क्षेत्रीय पुलिस ऐसे ही रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने से पूरी तरह से बचती रहती है।

## ग्राम प्रधानों/अधिकारियों के संरक्षण के चलते सफाई कर्मी बेलगाम, ग्राम सभाओं की सफ़ाई व्यवस्थाएं चौपट



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** विकासखंड कछौना की 41 ग्राम सभाओं की सफाई व्यवस्था सफाई कर्मियों के नियमित रूप से रोस्टर के अनुसार सफाई न होने के कारण ग्राम सभा सहित सार्वजनिक भवनों, पंचायत घरए परिषदीय स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उपकेन्द्रोंए आरोग्य केंद्रों में गंदगी अम्बार है। स्वच्छ भारत मिशन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं कागजों पर सीमित है। सामुदायिक शौचालय में ताला लटका रहता है। आरसीसी सेंटर शोपीस बने हैं। घर.घर कूड़ा उठाने व प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने का अभियान सीमित संसाधनों के कारण हवा हवाई है। जिसके कारण गांव में जगह.जगह कूड़े के ढेर, नालियों में कचरा, स्कूलों के शौचालय में गंदगी के कारण नौनिहालों सहित मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। गंदगी के कारण संक्रामक बीमारी फैलने की प्रबल संभावना रहती है। गांव की बदरंग तस्वीर हो जाती है। क्षेत्रीय विकास जन आंदोलन के संयोजक रामखेलावन कनौजिया ने कहा आखिरी सफाई कर्मी नियमित रूप से सफाई कार्य क्यों नहीं करते हैंघ् उनकी जवाब देही क्यों तय नहीं होती हैघ् उनकी उपस्थिति ग्राम प्रधानगण फर्जी तरीके से क्यों प्रमाणित करते हैंघ् ग्राम सभा में तैनाती के बावजूद सहकारी स्कूलों में रसोइयों के सहारे सफाई व्यवस्था क्यों है? ग्राम प्रधान व अधिकारियों के संरक्षण के चलते सफाई कर्मी पर बेलगाम है। सामुदायिक शौचालय में महिला समूहों को केयर टेकर के रूप में नियुक्त किया गया है, लेकिन ज्यादातर ग्राम प्रधानों ने अपनी भूमिका व गांव से काफी दूर सामुदायिक शौचालय को बनवाया है। जिसके कारण आम नागरिकों को लाभ नहीं मिल पाता है। कुछ सफाई कर्मी ग्राम सभा में तैनाती स्थल पर कार्य न करके ब्लॉक मुख्यालय, जिले पर, अधिकारियों के ड्राइवर व अर्दली के रूप में सेवा दे रहे हैं। क्षेत्रीय विकास जन आंदोलन के संयोजक ने बताया सफाई कर्मियों की हाजिरी रजिस्टर स्कूलों में रखी जाए अथवा बायोमेट्रिक उपस्थिति पंचायत घर में सुनिश्चित की जाए। क्षेत्रीय विकास जन आंदोलन के संयोजक रामखेलावन कनौजिया ने ग्राम सभा में सफाई व्यवस्था सूचित कराने के लिए जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जिला प्रशासन से निम्नलिखित बिंदुओं पर सूचनाएं मांगी है। सफाई कर्मियों के नाम व आवंटन गांव का नाम,मोबाइल नंबर, आवंटन गांव में सफाई कर्मियों का रोस्टर प्लान, माहवार पैरोल की छायाप्रति, अटैचमेंट आदि बिंदुओं पर सूचनाओं मांगी है। ग्राम प्रधानगणों का अधिकारियों के संरक्षण के चलते ग्राम सभाओं की व्यवस्थाएं चौपट हैं। गंदगी का अंबार रहता है। नालियां बजबजाती है। लोगों को जिला दुश्वार है।



# लोनी मिल के स्कूल के बच्चों ने दिखवाई प्रतिभा




राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड लोनी चीनी मिल के बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन कर अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। रविवार को स्पोर्ट डे के अवसर पर चीनी मिल के आधार शिला प्ले स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें मिल के सभी अफसर और बच्चों के पारिवारिक सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इकाई प्रमुख राजा ने सभी को संबोधित कर कहा बच्चों का भविष्य आप सभी अभिभावकों की सतर्कता पर निर्भर करता है। इन नौनिहालों को किस तरह पढ़ाना लिखना और अच्छा इंसान बनाना है आपको गंभीरता के साथ मनन करना होगा। क्योंकि पढ़ लिख कर जो बच्चा आगे तक जाकर आपकी इज्जत और समाज में आपका नाम रोशन करेगा। हमारा देश धर्मनिरपेक्ष देश है। यही बच्चे इमारत की नींव है जो कल के दौर में हमारा भविष्य बनेंगे। इसलिए आप अपने बच्चों को ऊंची मंज़िल तक ले जाने के लिए उनकी जायज जरूरते भी पूरी करते रहे। इस मौके पर शोभित रस्तोगी, अखिलेश गुप्ता, अनिल सिंह, कपिल गुप्ता, पीपी शर्मा, गौरव गंगवार, रचना श्रीवास्तव, मोनिका रस्तोगी, प्रीती गुप्ता, अनुराधा, प्राची सहित सभी बच्चों के अभिवावक और बच्चे मौजूद रहे।



## पाइप लाइन के गड्ढो से लोगो का निकलना मुश्किल

**माधौगंज ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जल जीवन योजना के तहत गांव की गलियों को खोदकर बिछाई गई पाइप लाइन के गढ्डों से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। विकास खण्ड की ग्रामपंचायत नेवादा गब्भी में जल जीवन योजना के तहत ग्रामवासियों को शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने के लिए कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वार गांव की गलियों को खोद कर पाइप डाले गए थे अब कनेक्शन कर गांव के घरों में शुद्ध पेय जल पहुचाया जाना है। आज करीब 15 दिन हो गए है गलियों में खोदे गए गड्ढे नही बंद किए गए जिससे रात्रि में निकलने वाले ग्रामवासी गिरकर घायल हो रहे है व पानी बहकर गलियों में एकत्र होने से छोटे छोटे बच्चे व बुजुर्ग पुरुष व महिलाएं चोटिल हो रहे है गांव की प्रधान मैनाज ने बीडीओ से मांग की है कि खुददे गड्ढों को जल्द बंद कराया जाय जिससे ग्रामवासियों को निकलने में हो रही असुविधाओं से निजात मिल सके।

## 28 फरवरी 2025 को श्री बागेश्वर राजा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का होगा आयोजन

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** श्री बागेश्वर राजा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 28 फरवरी 2025 को किया जाएगा। जिसमें नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज ने अपील की है। ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु प्राण प्रतिष्ठा व राम कथा में प्रतिभाग कर आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त करें। कछौना कस्बा के स्टेशन मार्ग पर तुलसी मार्केट में स्थित श्री बागेश्वर राजा राम का मंदिर प्रांगण में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को पौराणिक नैमिषारण्य भूमि से पधारे आदर्श कृष्ण शास्त्री महाराज द्वारा संपन्न कराया जाएगा। इस प्राण प्रतिष्ठा के साथ सात दिवसीय राम कथा का सुंदर आयोजन होगा। जिसका कथा का रस सोदन करें।

# टैरिफ और कारोबार

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि अमेरिका की नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका' पर ही समाप्त हो जाती हैं। दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा,मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखायी। हाल में व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। इस मुलाकात में उन्होंने टैरिफ का मुद्दा भी उठाया और व्यापार घाटे को कम करने के लिये अधिक तेल, गैस और सैन्य साजो-सामान खरीदने की जिम्मेदारी भारत पर डाल दी। दरअसल, भारत कुछ उन देशों में शामिल हैं जिनके साथ व्यापार का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में नहीं है। यही वजह है कि ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ तो की, लेकिन साथ ही भारत में अमेरिकी सामान पर तर्कसंगत कर लगाने की बात भी कही। यदि ट्रंप की मौजूदा नीतियां सिरे चढ़ी तो व्यापार की परिस्थितियां अमेरिका के अनुकूल भी हो सकती है। ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वार्ताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी के कूटनीतिक कौशल की परीक्षा भी होनी है। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचैनी और बढ़ जाएगी। इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा यह भी रही है कि 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। यह पाकिस्तान को चेतावनी भी है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादियों को सीमापार आतंकी हमलों को अंजाम देने में मदद बंद करे। अब इस्लामाबाद पर मुंबई और पठानकोट के आतंक हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा देने का दबाव भी बढ़ जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप का 'टैरिफ आतंकवाद' निगलने वाली कड़वी गोली हो सकती है, लेकिन भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की बड़ी भूमिका एक आकर्षक प्रस्ताव होगा। हालांकि, ट्रंप ने भारत पर टैरिफ को लेकर कोई सीधी घोषणा तो नहीं की लेकिन यह जरूर कहा कि जितना टैरिफ अन्य देश अमेरिकी सामान पर लगाते हैं, अमेरिका भी उसी अनुपात में टैरिफ लगाएगा। उल्लेखनीय है कि जिस समय पीएम मोदी अमेरिका यात्रा के लिये निकले, अमेरिका से अपमानजनक तरीके से भारत भेजे गए कथित अवैध प्रवासियों का मुद्दा गर्म था। ट्रंप के साथ मुलाकात में भारत ने अवैध रूप से आए भारतीयों को वापस लेने की बात भी कही। पत्रकार वार्ता में मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर हमारे विचार एक जैसे हैं। यदि अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों की पुष्टि होती है तो हम उन्हें वापस लेने के लिये तैयार हैं। उन्होंने इसे मानव तस्करों की करतूत बताया। कहा कि तब नहीं मालूम होता कि उन्हें अमेरिका ले जाया जा रहा है। ये बहुत आम परिवारों के बच्चे हैं, जिन्हें बड़े सपने दिखाए जाते हैं और बड़े-बड़े वायदे किए जाते हैं। उन्होंने भोले लोगों को इस साजिश से बचाने हेतु मानव तस्करों पर शिकंजा कसने की बात कही। पिछले दिनों भारतीय विदेश मंत्री ने कहा था कि भारत व अमेरिका यह तय करने का प्रयास कर रहे हैं कि वापस भेजने की प्रक्रिया के दौरान किसी भारतीय नागरिक के साथ दुर्व्यवहार न किया जाए। वहीं दूसरी ओर ट्रंप ने दुनिया में इस्लामी चरमपंथ के खतरे से निपटने के लिये भारत और अमेरिका के मिलकर काम करने की भी मंशा जाहिर की। ट्रंप ने नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र सहयोग में प्रगति की बात भी कही।

> **हाल में व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। इस मुलाकात में उन्होंने टैरिफ का मुद्दा भी उठाया और व्यापार घाटे को कम करने के लिये अधिक तेल, गैस और सैन्य साजो-सामान खरीदने की जिम्मेदारी भारत पर डाल दी। दरअसल, भारत कुछ उन देशों में शामिल हैं जिनके साथ व्यापार का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में नहीं है।**

# स्वभाषा के बिना संस्कृति निष्प्राण

हृदयनारायण दीक्षित

> **ऋग्वेद के मनु, मिस्र के प्रथम राजा मेनस और यूनान (क्रीट) के प्रथम शासक मिनोस भाषा की दृष्टि से संस्कृत के और संस्कृति की दृष्टि से भारतीय तत्व हैं। इंग्लैंड की सभ्यता यूनान से प्रेरित है। उन्होंने लैटिन, ग्रीक, मिस्र से संस्कृति और सभ्यता के तत्व पाए। भारतीय संपर्क से उन्हें पुष्ट किया। अंग्रेजी स्वयं में व्यवस्थित भाषा नहीं है। संस्कृत के तमाम शब्द अंग्रेजी में हैं। संस्कृत का दिव्य ही अंग्रेजी का डिवाइन है। अंग्रेजी का ब्रदर संस्कृत का भ्रात है, फादर संस्कृत का पितृ है और मदर संस्कृत की मातृ है। गोदाम अंग्रेजी में गोडाउन है। पी.जी. सुब्बाराव ने 'इंडियन वर्ड्स इन इंग्लिश' में ऐसे सैकड़ों दिलचस्प शब्दों की सूची दी है। अंग्रेजों ने जर्मन, फ्रेंच से भाषा के संस्कार पाए, रोमन लिपि अपनाई। भाषा विज्ञानी अलब्राइट व लैम्बिडन ने सुमेरी को प्राचीनतम लिखित भाषा बताया। इनके मुताबिक पश्चिम को सुमेरी ने प्रभावित किया।**

भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है। यूरोप की सभ्यता पर यूनानी प्रभाव है। यूनान जर्मनी से पहले सभ्य हुआ। भारत यूनान से पहले। यूनानी दर्शन ईसा के 500-600 वर्ष पहले शुरू हुआ। इसके सैकड़ों बरस पहले भारत का वैदिक दर्शन प्रसिद्धि प्राप्त कर चुका था। यूनानी सभ्यता की विकास भूमि क्रीट द्वीप है। क्रीट की कला के विश्लेषक रैनोल्ड हिगिंस के अनुसार ईसा के 2800 बरस पहले लघु एशिया के प्रवासी वहां सभ्यता ले गए। क्रीट के क्रोसोस नगर के प्रथम शासक मिनोस के नाम पर इसे 'मिनोअन सभ्यता' कहा गया। मिकनी नगर यूनानी सभ्यता का केन्द्र बना। यह सभ्यता मखदूनिया, साइप्रस और इटली तक फैली। मिस्र से निकाले गए हुक्सोस मिकनी के शासक थे। टायनबी ने इन्हें आर्य व हिगिंस ने इन्हें भारतीय कहा। भाषा वैज्ञानिक वामपंथी विद्वान डॉ. रामविलास शर्मा ने बताया कि, ''आर्य भाषा बोलने वाले भारतीय मिनोअन-मिकीनियन राज्यों के संस्थापक थे।'' यूनानी सभ्यता, संस्कृति और दर्शन का विकास भारतीय सम्बंधों से हुआ। ऋग्वेद के मनु, मिस्र के प्रथम राजा मेनस और यूनान (क्रीट) के प्रथम शासक मिनोस भाषा की दृष्टि से संस्कृत के और संस्कृति की दृष्टि से भारतीय तत्व हैं। इंग्लैंड की सभ्यता यूनान से प्रेरित है। उन्होंने लैटिन, ग्रीक, मिस्र से संस्कृति और सभ्यता के तत्व पाए। भारतीय संपर्क से उन्हें पुष्ट किया। अंग्रेजी स्वयं में व्यवस्थित भाषा नहीं है। संस्कृत के तमाम शब्द अंग्रेजी में हैं। संस्कृत का दिव्य ही अंग्रेजी का डिवाइन है। अंग्रेजी का ब्रदर संस्कृत का भ्रात है, फादर संस्कृत का पितृ है और मदर संस्कृत की मातृ है। गोदाम अंग्रेजी में गोडाउन है। पी.जी. सुब्बाराव ने 'इंडियन वर्ड्स इन इंग्लिश' में ऐसे सैकड़ों दिलचस्प शब्दों की सूची दी है। अंग्रेजों ने जर्मन, फ्रेंच से भाषा के संस्कार पाए, रोमन लिपि अपनाई। भाषा विज्ञानी अलब्राइट व लैम्बिडन ने सुमेरी को प्राचीनतम लिखित भाषा बताया। इनके मुताबिक पश्चिम को सुमेरी ने प्रभावित किया। उन्होंने बताया अंग्रेजी 'ऐबिस' सुमेरी का अब्ज (पृथ्वी के नीचे का जल) है। यूनानी में वह अबुस्सास है। बेबीलोन में इसे अप्सु कहते हैं। लेकिन ऋग्वेद (1.23.19, 9.43.9 और 9.30.5 आदि) में जलवाची अप और अप्सु शब्द भरे पड़े हैं। मिस्त्री, सुमेरी और संस्कृत में भूतल जल पर एक शब्दावली है। ऋग्वेद पुराना है, जाहिर है कि संस्कृत ही सबसे पहले सृष्टि के आदि तत्व 'जल' की बोली बनी। विलियम जोन्स ने कहा कि, ''संस्कृत ग्रीक से अधिक निर्दोष, लैटिन से अधिक समृद्ध और इनमें किसी से भी अधिक उत्कृष्ट है। इसके बावजूद धातुओं और व्याकरणिक रूपों में यह इन दोनों से प्रगाढ़ सम्बंध रखती है, इतना प्रगाढ़ कि कोई भाषाविद् इनका एक ही स्रोत माने बिना छानबीन नहीं कर सकता।'' संस्कृत जाने बिना विश्व भाषा विज्ञान, विश्व भाषा परिवार, सृष्टि संरचना और विश्व सांस्कृतिक सम्बंधों का अध्ययन विश्लेषण संभव नहीं। भारत सांस्कृतिक तत्वों का भी निर्यातक था। पश्चिम एशिया में रूद्र-शिव की उपासना थी। गूर्ने ने 'दि हिटटाइटस' (पृष्ठ 134) में बताया कि वे हित्तियों के विशेष देवता थे, उनके अनेक रूप थे। सीरिया के शिल्प में वह परशु चलाते हुए बिजली कौंधने के प्रतीक हैं। यूनानी (मिनोअन) संस्कृति में भी परशु खास प्रतीक हैं। इबान्स के मुताबिक यह परशु मिनोअन देवी और उसके पुरुष देवता का चिन्ह था। इसी परशु का उल्लेख ऋग्वेद में है। पश्चिमी भारत से दक्षिणी यूरोप, फिर उत्तरी यूरोप होते हुए परशु नाम का देव प्रतीक इंग्लैंड तक पहुंचा। अंग्रेजी विद्वान सम्भवतः नहीं मानते कि रुद्र का शिवत्व प्रागैतिहासिक काल में भी है। ऋग्वेद में वे अरुण-रूद्र हैं। वे जटाधारी भी हैं। यजुर्वेद में वे नमः शम्भवाय-नमः शिवाय भी हैं। जैसे सीरिया में वे बिजली कौंधने के प्रतीक हैं वैसे ही उसके बहुत पहले ऋग्वेद (7.46.3) में वे आकाश से बिजली गिराते हैं। यहां उनसे अमृत्व की महामृत्युंजय स्तुति (7.59.12) है। सभ्यता, संस्कृति, देवतंत्र, दर्शन, भौतिकी और आधुनिक ज्ञान-विज्ञान का आदि केन्द्र भारत है। यूरोपीय विद्वान एच.एस. मेन ने लिखा था, ''बीजगणित, अंकगणित में पश्चिमी सहायता के बिना ही ऊंचे दर्जे की दक्षता है। दशमलव प्रणाली के अविष्कार का हम पर ऋण है। अरबों ने अंक हिन्दुओं से पाए, यूरोप में फैलाए। यूरोपीय चिकित्सा पद्धति 17वीं सदी तक अरबी चिकित्सा थी। विलियम हंटर ने लिखा था कि, ''पश्चिम के विद्वान जब भाषा विज्ञान का विवेचन आकस्मिक समानताओं के आधार पर कर रहे थे, उस समय भारत में व्याकरण को मूल सिद्धांतों का रूप मिल चुका था। सारा ज्ञान विज्ञान, संस्कृति दर्शन संस्कृत में है, हिन्दी में भी है। बावजूद इसके अंग्रेजी पर जोर है, अंग्रेजी का शोर है। सवाल यह है कि जो संस्कृत और हिन्दी काव्य, साहित्य, दर्शन, विज्ञान, प्रीति और प्रेम की सहज अभिव्यक्ति है, वही विज्ञान और व्यापार की सशक्त भाषा क्यों नहीं है? भारत प्राचीनतम व अद्वितीय राष्ट्र है। मैक्समूलर ने लिखा, ''भारत के मानवी-मस्तिष्क ने कुछ सर्वोत्तम गुणों का पूर्ण विकास किया है। जीवन की बड़ी से बड़ी समस्याओं पर भारत द्वारा प्राप्त हल प्लेटो और कंाट के दर्शन का अध्ययन किए हुए लोगों के लिए (भी) विचार करने योग्य है। यूनानी, रोमन और एक सेमेटिक जाति यहूदी के विचार मात्र पर पालित-पोषित यूरोप के हम लोग जीवन को अधिक परिपक्व, अधिक व्यापक, अधिक सार्वलौकिक, दरअसल सच्चे मानवीय बनाने के लिए भारत की ओर ही देखते हैं।'' भारतीय संस्कृति दर्शन की ऐसी प्रतिष्ठा पर गर्व करना चाहिए। स्वाधीनता संग्राम की भाषा मातृभाषा हिंदी थी लेकिन नए प्रभुवर्ग अंग्रेजी को वरीयता देते रहे हैं। गांधीजी ने कहा था, ''अंग्रेजी ने हिंदुस्तानी राजनीतिज्ञों के मन में घर कर लिया है। मैं इसे अपने देश और मनुष्यत्व के प्रति अपराध मानता हूं।'' (संपूर्ण गांधी वांगमय 29-312) संस्कृति, सृजन और संवाद की भाषा हिंदी है। बावजूद इसके अंग्रेजी का मोह बढ़ा, अंग्रेजी स्कूल बढ़े, अंग्रेजी प्रभुवर्ग की भाषा बनी। हिंदी का अंग्रेजीकरण भी हुआ। टीवी सिनेमा ने नई 'संकर भाषा' को गले लगाया। हिंदी सौंदर्य और कला में व्यक्त करने का माध्यम थी-है। अंग्रेजीकृत हिंदी-हिंगलिश-मिश्रित बोली ने भारतीय सौंदर्यबोध को विकृत किया। अंग्रेजी मिश्रित हिंदी शैंपू और दाद खाज की दवा बेचने का माध्यम हो सकती है लेकिन सृजन और संवाद की भाषा नहीं हो सकती। स्वभाषा के बिना संस्कृति निष्प्राण होती है। लॉर्ड मैकाले ने ब्रिटिश संसद में कहा था, ''उच्चतर जीवन मूल्य और उत्कृष्ट क्षमताओं को देखते हुए भारतीयों पर तब तक विजय प्राप्त नहीं की जा सकती, जब तक वहां की आध्यात्मिक-सांस्कृतिक परंपरा की सशक्त रीढ़ नहीं तोड़ी जाती। इसलिए मेरा प्रस्ताव है कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति, संस्कृति को विस्थापित करें कि भारतवासी विदेशी और अंग्रेजी को श्रेष्ठ समझते हुए स्वसंस्कृति और स्वाभिमान खोकर हमारी इच्छा अनुरूप शासित राष्ट्र हो जाएं।'' वे असफल हुए। इसका कारण भारत की सांस्कृतिक निरंतरता है।

# भारत, रूस और अमेरिका के बीच नए समीकरण

ललित मोहन बंसल

> **प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दौरे के पहले पड़ाव में पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति एमेन्युअल मैक्रो से द्विपक्षीय वार्ता में रिन्युअल एनर्जी के अंतर्गत छोटे आणविक संयंत्रों की सप्लाई पर अहम समझौता कर कार्बन रहित संस्कृति को गति दी है। इससे निःसंदेह मोदी के 'मेक इन इंडिया' मंत्र को नई दिशा मिलेगी, वहीं देश के विभिन्न राज्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर खड़े किए जा सकेंगे।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेरिस और वॉशिंगटन दौरे के बाद आस बंधी है कि भारत में अनवरत विद्युत और गैस सप्लाई से आर्थिक विकास दर में वृद्धि होगी। एक समय उद्यमी अपने कल-कारखाने में उत्पादन कार्य से पहले अनवरत विद्युत सप्लाई के लिए भागदौड़ में जुटा रहता था। आज एक ओर क्लाइमेट चेंज के कारण कार्बन रहित विद्युत उत्पादन पर जोर दिया जा रहा है, वहीं आणविक विद्युत सप्लाई के लिए बड़े संयंत्र की जगह छोटे आणविक संयत्रों की मांग बढ़ रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दौरे के पहले पड़ाव में पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति एमेन्युअल मैक्रो से द्विपक्षीय वार्ता में रिन्युअल एनर्जी के अंतर्गत छोटे आणविक संयंत्रों की सप्लाई पर अहम समझौता कर कार्बन रहित संस्कृति को गति दी है। इससे निःसंदेह मोदी के 'मेक इन इंडिया' मंत्र को नई दिशा मिलेगी, वहीं देश के विभिन्न राज्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर खड़े किए जा सकेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए चौबीसों घंटे अनवरत विद्युत आपूर्ति की जरूरत होगी, जो डाटा सेंटर और विशाल कंप्यूटर सेंटर को सजीव रख सके। भारत के आर्थिक विकास में ऊर्जा के क्षेत्र में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति एक प्राथमिकता है। आने वाले दिनों में भारत की ऊर्जा, विशेषकर कच्चे तेल की माँग चीन से ज्यादा होगी। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की मानें तो निःसंदेह तीन सालों में भारत के कारोबार में वृद्धि होने से परिवहन और उद्योग में कच्चे तेल की माँग बढ़ेगी, एक तेजी से खड़ी होने वाली भारतीय इकॉनमी के लिए परिष्कृत ऊर्जा और और विद्युत ऊर्जा की जरूरत होगी। पेरिस आधारित इस एजेंसी के अनुसार भारत को मौजूदा 15.380 करोड़ बैरल से बढ़ कर 2030 में 16.640 करोड़ बैरल प्रतिदिन की जरूरत होगी। मोदी ने वार्ता के दौरान अगले पाँच सालों में विकसित भारत-2047 तक दोगुने व्यापार की उम्मीद जताई है। बता दें, मोदी और ट्रम्प वार्ता के दौरान व्यापार संधि में भारत ने अमेरिका से कच्चा तेल खरीदने पर सहमति जताई है। भारत अमेरिका से कितना तेल और गैस खरीदेगा, इस पर विचार जारी है। दुनिया में कच्चे तेल के आयात में चीन और अमेरिका के बाद भारत तीसरा बड़ा आयातक देश है। मोदी-ट्रम्प वार्ता में ऊर्जा : कच्चे तेल पर आधारित भारतीय इकॉनामी को पाँच खरब की इकॉनामी बनने के लिए अमेरिका से होकर क्षितिज पर पहुँचना होगा। दुनिया में तेल के आयात में भारत तीसरा (10.1 %) बड़ा देश है। भारत ने 2023-24 में 88% तेल के आयात पर निर्भर रहा। 2023-24 में कच्चे तेल का बिल 139.3 अरब डॉलर था, जो भारत के कुल आयात मूल्य 678 डॉलर का 21 प्रतिशत कहा जा सकता है। इसमें तेल आधारित उत्पाद नहीं है। भारत खुद तेल आधारित उत्पाद बना कर यूरोपीय देशों को निर्यात करता है और 23.3 अरब डालर अर्जित करता है। इसमें एलपीजी 10.5 अरब डॉलर, 22.1 अरब डॉलर के हाई स्पीड डीजल और 11.2 अरब डॉलर मोटर स्पिरिट है। ऐसे में कच्चे तेल की क़ीमतें गिरती हैं, निश्चित तौर पर भारत लाभान्वित होगा। अभी तक तेल की कीमतों को प्रभावित करने में खाड़ी में तेल उत्पादक देशों और ओपेक प्लस देशों में रूस, अमेरिका सहित ऐसे आधा दर्जन देश हैं, जो तेल का उत्पादन करते हैं। भारत में कच्चे तेल का उत्पादन अल्प मात्रा में हो पाता है, जबकि उसे अठासी प्रतिशत तक आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। भारत तेल की कीमतों को प्रभावित करने की स्थिति में भले नहीं रहा, वह भू-राजनैतिक कारणों से सऊदी, ईरान, इराक़ और यूनाइटेड अरब अमीरात, वेनेजुएला आदि देशों से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति करता रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के से उपजी परिस्थितियों के कारण भारत ने राष्ट्रहित में मौजूदा निर्यातक देशों के कोटे में कटौती कर अधिकाधिक तेल रूस से खरीदना शुरू किया। रूस और भारत के रणनीतिक रिश्तों के कारण भारत में कच्चा तेल 15 से 20 डॉलर प्रति बैरल आयात किया जाता रहा है। शुरू में 2023-24 में 33 % इराक़, 21% सऊदी अरब, 16% यूएई, 6.4 % खाड़ी के ओपेक प्लस देशों में रूस और अमेरिका, दो बड़े देश हैं, जो दस लाख बैरल तेल प्रतिदिन निकालते हैं, हालांकि अमेरिकी जरूरतों को पूरा करने के लिए अमेरिका सऊदी अरब जैसे दोस्तों से तेल की आपूर्ति करता है। भारत ने यूएस से तेल के आयात पर सहमति देकर एक ओर अमेरिका से मित्रता का धर्म निभाया है, वहीं खाड़ी और रूस से आयात के मौजूदा कोटे में कमी कर देश को चुनौतियों के लिए आमंत्रण दिया है। दरअसल, डोनाल्ड ट्रम्प कच्चे तेल का अधिकाधिक उत्पादन करना चाहते हैं। वह अपने तेल उत्पादकों से कहते हैं, 'ड्रिल बेबी ड्रिल' और दूसरी ओर मित्र देशों को उलाहना देते हुए कहते हैं, 'आओ, हमसे दोस्ती करो और तेल पाओ।'' अमेरिका ने 29023 में 19358 हज़ार बैरल प्रतिदिन उत्पादन किया, जो वैश्विक स्तर पर कुल उत्पादन का 20.1 % है। ओपेक देशों का 35.3 % और ओपेक + देशों रूस और मैक्सिको सहित 54% है। ऐसे समय जब रूस अपनी जर्जर इकॉनामी को सुधारने के लिए भारत को सस्ते में तेल देने का प्रलोभन देता है, तो ग़लत नहीं है। इससे भारत-रूस संबंधों पर आंच आना स्वाभाविक है। रिन्यूअल एनर्जी से होगा कार्बन रहित समाज : इसी रिन्यूवल एनर्जी परिकल्पना की दृष्टि से फ्रांस के राष्ट्रपति एमेन्युअल मैक्रो और भारत के बीच छोटे आणविक संयंत्रों के आयात पर जो समझौता हुआ है, उससे देशभर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नए द्वार खुल सकेंगे। इन आणविक संयंत्रों से एआई ही नहीं सेमीकंडक्टर चिप निर्माण में अनवरत विद्युत ऊर्जा से प्रौद्योगिकी को बल मिलेगा। उल्लेखनीय है कि रिन्यूवल एनर्जी आधारित ऊर्जा के लिए उत्तम कोटि के मिनरल की जरूरत होती है। इस क्षेत्र में चीन कहीं आगे है, संभव है भारत को चीन से ऐसे मिनरल के आयात में कठिनाई हो सकती है, जो उसके ऊर्जा सुरक्षा में बाधक बने। एलन मस्क और मोदी वार्ता में विद्युत वाहन : क्लाइमेट चेंज से अत्यधिक प्रभावित भारत एक तो खनन कोयले पर अत्यधिक गर्मी से पीड़ित है। इसके लिए भारत की कोशिश है कि वह परिवहन तेल और गैस पर निर्भर रहने की बजाए विधुत चालित वाहनों का सहारा ले। इस संदर्भ में मोदी ने अपने दौरे के पहले ही दिन ऐलान मस्क से बातचीत में विद्युत चालित वाहनों के लिए सहयोग मांगा। मस्क भारत में विद्युत चालित वाहनों की फैक्ट्री लगाते हैं, तो भारत ने उन्हें सिंगल विंडो के तहत सभी सुविधाएँ दिए जाने की पेशकश की है। परिवहन क्षेत्र को कार्बन रहित बनाने के लिए भारत में 2023 में 15.3 लाख विद्युत वाहन थे, जो एक साल में बढ़ कर 19.5 लाख विद्युत वाहन हो गए जो मात्र 7.44 % वृद्धि है। कार्बन रहित परिवहन के लक्ष्य में बायो फ्यूल और हाइड्रोजन एक विकल्प है। भारत ने चालू बजट में साल 2047 तक सौ मेगावाट आणविक विद्युत निर्माण का लक्ष्य रखा है।

# भारत-अमेरिका मैत्री से विकास के नये रास्ते खुलेंगे

ललित गर्ग

> **ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वार्ताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगुना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी ने कूटनीतिक कौशल का इस्तेमाल किया। भारत को नया बनने के लिए, स्वर्णिम बनाने के लिए, अनूठा बनाने के लिए और उसे विश्व की एक बड़ी ताकत के रूप में उभारने के लिये मोदी के प्रयास अनूठे भी हैं और विलक्षण भी हैं। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल में सम्पन्न हुई अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं मील का पत्थर बनकर प्रस्तुत हुई है। यह निश्चित है कि मोदी के नेतृत्व में एक नई सभ्यता और एक नई संस्कृति गढ़ी जा रही है। व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक एवं परिणामकारी रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई, बल्कि मोदी-ट्रंप की दोस्ती ही नये विश्वास एवं संकल्प के साथ उभर कर सामने आयी है। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। लेकिन मोदी ट्रंप की चतुराई को भी अपनी सादगी एवं सरलता से मात देते हुए भारत के हित में अनेक समझौते कर लिये हैं। यह तथ्य सर्वविदित है कि अमेरिका की नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका' पर ही समाप्त हो जाती हैं। दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा, मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखायी। यह अमेरिका की भारत के प्रति एक विशेष दृष्टि मोदी के प्रभाव का ही परिणाम है। ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वार्ताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगुना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी ने कूटनीतिक कौशल का इस्तेमाल किया। भारत को नया बनने के लिए, स्वर्णिम बनाने के लिए, अनूठा बनाने के लिए और उसे विश्व की एक बड़ी ताकत के रूप में उभारने के लिये मोदी के प्रयास अनूठे भी हैं और विलक्षण भी हैं। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचैनी और बढ़ जाएगी और भारत की ओर देखने की उनकी हिम्मत नहीं होगी। मोदीजी का जादू एक बार फिर सिर चढ़कर बोला है। मोदी की इस यात्रा के पीछे इरादा केवल भावनात्मक रिश्तों की बुनियाद को मजबूत करना नहीं रहा है, बल्कि भारत के हक में अमेरिकी नीतियों को प्रभावित करने के लिए उनका सहयोग पाने की मंशा भी रहा है, जो सफल हुआ। संभव है इससे भारत और अमेरिका दोनों ही देशों में विकास के नये रास्तें खुलेंगे। इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा यह भी रही है कि 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। यह पाकिस्तान को चेतावनी भी है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादियों को सीमापार आतंकी हमलों को अंजाम देने में मदद बंद करे। अब इस्लामाबाद पर मुंबई और पठानकोट के आतंक हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा देने का दबाव भी बढ़ जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप का 'टैरिफ आतंकवाद' निगलने वाली कड़वी गोली हो सकती है, लेकिन भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की बड़ी भूमिका एक आकर्षक प्रस्ताव होगा, जिससे भारत सैन्य मोर्चे पर सशक्त होकर उभरेगा। ट्रंप के साथ मुलाकात में भारत ने अवैध रूप से आए भारतीयों को वापस लेने की बात भी कही। पत्रकार वार्ता में मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर हमारे विचार एक जैसे हैं। यदि अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों की पुष्टि होती है तो हम उन्हें वापस लेने के लिये तैयार हैं। उन्होंने इसे मानव तस्करों की करतूत बताया। मोदी की यह यात्रा दो बहुत अच्छे दोस्तों की बहुत ही नाजूक समझौतेवादी भूमिका को देखने का एक दिलचस्प एवं रोमांचक मौका बनी, प्रतिकूल लगते हालात को अनुकूल नतीजों की ओर मोड़ने का कौशल भी इस यात्रा में बेहतरीन अंदाज में नजर आया। दोनों नेता न केवल पहले से एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते रहे हैं बल्कि उनके बीच की व्यक्तिगत मित्रता एवं आत्मीयता भी चर्चित रही है। यह सुखद संयोग है कि दोनों नेता दुनिया के सबसे बड़े पुराने और सबसे विशाल लोकतंत्र के राष्ट्राध्यक्ष हैं। अमेरिका को पहले से ही दुनिया ग्लोबल लीडर मानती रही है। अब भारत नया और उभरता हुआ विश्वनेता बना है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की जोड़ी से दुनिया पर नये तरीके से आधिपत्य बदलता दिख रहा है। दोनों देशों के लगातार बेहतर होते रिश्तों की पृष्ठभूमि इस तथ्य को और महत्वपूर्ण बना रही थी। फिर भी यात्रा से पहले के घटनाक्रम ने इसकी कामयाबी पर भले ही संदेह की परतें चढ़ा रखी थी, लेकिन मोदी की कुशलता एवं कूटनीति से सभी वार्ताएं सौहार्दपूर्ण होकर सकारात्मक बनी। जिससे भारत एक बार फिर दुनिया के सामने सशक्त एवं ताकतवर बनकर ही प्रस्तुत हुआ है। ट्रंप के कतिपय सख्ती से बने तनाव को मोदी ने हावी नहीं होने दिया। प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह से अपने अजेंडे पर केंद्रित रहे। उन्होंने न केवल ट्रंप की तारीफ की बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप के प्रिय नारे 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (एमएजीए) की तर्ज पर अपना नारा पेश किया- 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (एमआईजीए), और यह भी कहा कि जब एमएजीए और एमआईजीए साथ आते हैं तो बन जाता है एमईजीए जो दोनों देशों की शानदार साझेदारी की कहानी कहता है। इस तरह दोनों देश ने दुनिया के बॉस होते हुए अपने वर्चस्वी होने को व्यक्त किया। अमेरिका तो इस भूमिका में रहा है, लेकिन अमेरिका भारत को भी इस भूमिका में मानता है तो निश्चित ही यह भारत की दुनिया में मजबूत होती स्थिति को ही बयां कर रहा है। अब दुनिया के हर विवादों को सुलझाने में भारत-अमेरिका की संयुक्त एवं भूमिका महत्वपूर्ण होने से भारत की ताकत को समझा जा सकता है। निश्चित रूप से दोनों देशों के बीच के कई समीकरण आने वाले दिनों में नया आकार लेंगे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने इस उम्मीद को ठोस आधार दे दिया है कि सहयोग के स्वरूप में जो भी बदलाव हो, रिश्ता बेहतर ही होता जाएगा। मोदी की इस अमेरिका यात्रा की अहमियत जाहिर है और इसे संभावनाभरा भी माना जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यह अमेरिका का उनका पहला सफर है। ट्रंप के साथ वाइट हाउस में मोदी की मुलाकात ने यही जताया कि दोनों नेताओं एवं देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ करने की ललक दोनों तरफ है। भारतीय प्रधानमंत्री की अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात पर देश ही नहीं, दुनिया की भी निगाहें थीं। एक तो इसलिए कि मोदी उन चुनिंदा शासनाध्यक्षों में से एक हैं, जिनसे डोनाल्ड ट्रंप ने प्रारंभिक दौर में ही मुलाकात करना बेहतर समझा और दूसरे इसलिए कि भारत अब एक बड़ी ताकत बन चुका है और वैश्विक मामलों में उसका रुख-रवैया एवं नीतियां मायने रखती है। इस मुलाकात को लेकर जिज्ञासा का एक कारण यह भी था कि बाइडन प्रशासन के समय अमेरिका और भारत के संबंधों में एक खिंचाव आ गया था। एक अर्से से यह महसूस किया जा रहा था कि बाइडन प्रशासन भारतीय हितों की वैसी चिंता नहीं कर रहा है, जैसी करनी चाहिए। मोदी और ट्रंप की मुलाकात ने यह तो रेखांकित किया कि दोनों देशों के संबंधों में गर्मजोशी लौट आई है, लेकिन अभी यह नहीं कहा जा सकता कि अमेरिका भारत की समस्त चिंताओं का समाधान करने जा रहा है, लेकिन इसे नकारा भी नहीं जा रहा है। ट्रंप ने बांग्लादेश के मामले में भारत के मन मुताबिक बात कहकर, सीमा पार यानी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से मिलकर लड़ने का वादा किया। कुल मिलाकर विकसित भारत के लक्ष्य में सहायक बनने वाले विभिन्न क्षेत्रों में अमेरिका से सहयोग की राह प्रशस्त होना भारत के लिये एक नये सूरज का उदय ही कहा जायेगा।

# आखिर खता क्या है बेसहारा पशुओं की ?

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



- गौशालाओं में तिल तिल मरने को मजबूर गौवंश
- एक ही स्थान पर बंधी रहती है गौमाता
- खाने में केवल और केवल सूखा भूसा
- अस्सी फीसदी गौवंश समय से पहले ही हो जाती मौत का शिकार

शाहजहांपुर। योगी सरकार की सबसे अधिक प्राथमिकता वाली योजना है बेसहारा पशुओं को बचाना।लेकिन धरातल पर सरकार की इस योजना की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। राष्ट्रीय प्रस्तावना ने जब ग्राउंड जीरो पर इसकी पड़ताल की तो मानवीयता को तार तार करने वाले दृश्य देखकर हकीक़त का सामना हुआ।आज की तारीख में योगी सरकार सबसे ज्यादा पैसा बेसहारा पशुओं को सुरक्षित रखने और उनको बचाने में सबसे अधिक धन खर्च कर रही है।बात करते है सबसे पहले ग्राम इन्देपुर स्थित गौशाला की।पड़ताल में मालूम हुआ कि ब्लाक कांट की लगभग एक दर्जन गौशाला में सबसे बड़ी गौशाला इन्देपुर की है।इस गौशाला में चार सौ से अधिक बेसहारा पशु विराजमान हैं।असल में सरकार गायों को सुरक्षित और स्वस्थ रखने के मद्देनजर भूसे के अलावा हरा चारा और चोकर की व्यवस्था के लिए भरपूर पैसा खर्च कर रही है।लेकिन पड़ताल में ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला।गौशाला में पशुओं को केवल सूखा भूसा ही दिया जा रहा था।ना ही हरे चारे की कोई व्यवस्था थी और ना ही चोकर की कोई व्यवस्था।जानकारी करने पर मालूम हुआ कि इस गौशाला में आधा दर्जन गौपालक तैनात हैं लेकिन गौशाला में केवल दो लोग ही मौजूद मिले। यहां पर अधिकांश पशु लाचार अवस्था में यहां वहां पड़े हुए थे।हरे चारे और चोकर के बारे में पूछा गया तो मालूम हुआ कि यहां पर केवल भूसा ही आता है वहीं खिलाया जाता है।

### आखिर सड़कों पर कहां से आते बेसहारा पशु

शाहजहांपुर। सवाल उठता है जब देहात छेत्र, कस्बों,, नगर छेत्र,शहरी क्षेत्रों में यानी कि सभी जगह गौशाला संचालित हैं तो सड़कों पर इतनी ज्यादा संख्या में बेसहारा पशुओं का झुंड आता कहां से है।इस बारे में जब गहराई से पड़ताल की गई तो मालूम हुआ कि गौशालाओं में बंद गौवंश को रात होते ही गौशाला से छोड़ दिया जाता है।जो गायों को छोड़ा जाता है उनके बच्चे गौशाला में ही रखे जाते हैं ताकि गाय खुद ही वापिस गौशाला में आ जाएं।कई बार तो दो तीन दिन तक गौवंश को गौशाला से बाहर रखा जाता है ताकि गौशाला का भूसा बचा रहे।इस पूरे मामले में ब्लाक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सभी सेक्रेटरी और गौपालकों को निर्देशित किया गया है कि गौशालाओं में बेसहारा पशुओं को सूखा भूसा के साथ हरा चारा और चोकर भी नियमित खिलाए।यदि कहीं पर ऐसा नहीं हो रहा है तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### बमरौली गौशाला में तिल तिल मर रहे गौवंश

शाहजहांपुर। जनपद के ब्लाक मदनपुर की ग्राम बमरौली स्थित गौशाला की स्थिति बेहद कष्टकारी मालूम हुई।हालांकि टीन शेड और नांद आदि की व्यवस्था तो थी लेकिन पर्याप्त स्थान ना होने की वजह से पशुओं को महीनों एक ही स्थान पर बंधे रहना किसी नरक से कम प्रतीत नहीं हो रहा था।सेक्रेटरी से बात करने पर मालूम हुआ कि यहां पर सौ से ज्यादा पशु हैं। यहां भी चारे में केवल सूखा भूसा ही नजर आया।हालांकि सेक्रेटरी ने चोकर खिलाने की बात बताई लेकिन गौशाला में चोकर या हरा चारा कहीं नजर नहीं आया।जबकि एक गाय मरणासन्न अवस्था में एक तरफ पड़ी थी तथा उसके मल द्वार से काफी ज्यादा खून निकल रहा था।उसके बारे में जानकारी की गई तो मालूम हुआ कि दो सप्ताह से गाय बीमार है एक डाक्टर इसका इलाज कर रहे हैं लेकिन इस बात में सच्चाई नजर नहीं आई।

## रोडवेज बस व बोलेरो गाड़ी की हुई जोरदार टक्कर, बस में सवार चालक समेत नौ लोग घायल

बबेरू/बांदा। बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत बिसंडा थाना क्षेत्र के कैरी मोड़ के पास रोडवेज बस फतेहपुर डिपो और बोलेरो कार की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पेड़ से टकरा गई, जिसमें बड़ा हादसा देखकर बस में सवार सवारियों में अफरा तफरी मच गई। और लोग बस से कूद कर अपनी जान बचाई, वही बस में सवार रोडवेज बस चालक शशिबिंद पाठक पुत्र राजेंद्र प्रसाद पाठक 40 वर्ष निवासी सुल्तानपुर, लक्ष्मी पुत्र कल्लू 42 वर्ष बलवीर पुत्र लक्ष्मी 7 वर्ष,राजा भैया पुत्र कृष्ण प्रसाद 39 वर्ष, निवासी चित्रकूट, आशीष कुमार पुत्र भैरो प्रसाद 20 वर्ष निवासी चित्रकूट फूलचंद्र पुत्र भइयालाल 65 वर्ष निवासी बिसंडा पप्पू पुत्र चुन्ना 32 वर्ष निवासी सीतापुर, संदीप पुत्र भैरो प्रसाद 26 वर्ष निवासी पहाड़ी चित्रकूट ब्रजेश पुत्र मुन्नालाल 22 वर्ष निवासी सीतापुर चित्रकूट सभी 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर मौके पर पहुंची बिसंडा थाना पुलिस पीआरबी पुलिस ने एंबुलेंस के द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसंडा में भर्ती कराया गया।

# शौच को गई महिला को तमंचे दिखाकर पर किया दुष्कर्म

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- पीड़िता ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार
- पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी

कलान। थाना कलान क्षेत्र के एक गांव में एक महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है।बताया जाता है कि पीड़ित महिला शौच के लिए खेत पर गई हुई थी।इसी दौरान गांव के ही एक व्यक्ति ने महिला को गिरा लिया और अश्लील हरकतें करने लगा।विरोध करने पर तमंचे के बल पर महिला के साथ दुष्कर्म किया।पीड़िता थाने पहुंची जहां उसने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पीड़िता ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 16 फरवरी की सुबह करीब 5 बजे वह अकेली खेत पर शौच करने गई थी।तभी गांव का ही हंसराम पुत्र रतीराम वर्मा पीछे से आया और उसे पकड़ लिया।आरोप है वह महिला के साथ अश्लील हरकतें करने लगा।उसके विरोध करने पर हंसराम ने तमंचा दिखाकर बोला अगर चिल्लाई तो गोली मार दूंगा।आरोप है कि उसको धमकाकर उसके साथ हंसराम ने बलात्कार किया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।महिला के मुताबिक आरोपी कई दिन से उस पर नजर रखे हुए था।पीड़िता ने थाना कलान पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

उधर जब इस संबंध में कलान के प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि पीड़िता की तरफ से प्रार्थना पत्र मिला है।मामले की जांच की जा रही है।जांचोपरांत जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## हज मास्टर ट्रेनर के लिए आरिफ़ खांन हुए चयनित



बाँदा। पवित्र हज यात्रा में हज यात्रियों को बेहतर सहूलियत और सुविधा प्रदान करने के लिए हज कमेटी आफ़ इंडिया अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने देश भर से प्रत्येक 140 हज यात्रियों पर एक हज मास्टर ट्रेनर का परीक्षा व इंटरव्यू द्वारा चयन किया गया। इस क्रम में बाँदा निवासी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा नेता, मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड आफ़ इंडिया के मेंबर व माइनारिटी वेलफ़ेयर एसोसिएशन के सदस्य हाजी आरिफ़ खांन का चयन किया गया है, हाजी आरिफ़ खांन यात्रियों लगभग 15 वर्षो से उत्तर प्रदेश के समस्त हाजियों को निःशुल्क अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं, चयन सेंट्रल हज कमेटी, मुंबई द्वारा किया गया, सभी चयनित हज मास्टर ट्रेनरों की मुख्य ट्रेनिंग हेतु मुंबई में होंगी, उनको मुंबई बुलाया जाएगा, इसके बाद वह संबंधित जिलों में अपनी ट्रेनिंग व सेवायें देंगे,हज मास्टर ट्रेनर हाजी आरिफ खान ने बताया उनको जो निर्देश हज कमेटी, मुंबई द्वारा प्राप्त होंगे उन सभी कार्यों को बहुत बेहतरीन ढंग से निर्वहन करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे, उनके इस चयन से उनके सहयोगियों और चाहने वालो ने मुबारकबाद पेश की, हर्ष व्यक्त किया है।

## अतर्रा के दो चिकित्सकों का सीएचसी में चयन

अतर्रा/बांदा। कस्बे के दो एमबीबीएस चिकित्सकों का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चिकित्सक पद पर चयन हुआ है। साक्षात्कार प्रक्रिया के बाद दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा में तैनाती मिली है। कस्बे के शास्त्री नगर निवासी द्वारिका प्रसाद शुक्ला के पुत्र डॉ. संगम शुक्ला ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ब्रह्म विज्ञान इंटर कॉलेज से पूरी की और स्नातक अतर्रा पीजी कॉलेज से किया। उन्होंने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट उत्तीर्ण करने के बाद एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। संगम तीन बहनों के इकलौते भाई हैं और परिवार की उम्मीदों पर खरे उतरे हैं। दूसरे चयनित चिकित्सक डॉ. पीयूष रंजन ओझा हैं, जो भाई लाल ओझा के पुत्र हैं। उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की शिक्षा कानपुर से प्राप्त की और इसके बाद भोपाल स्थित एलएन मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। उनकी मां तुलसा देवी है। अब वे भी सीएचसी अतर्रा में अपनी सेवाएं देंगे। इनके चयन पर द्वारिका प्रसाद गर्ग, डॉ. विजय पांडे, साकेत बिहारी मिश्र, पंकज मिश्र, डॉ. प्रीतू मिश्रा, आनंद पांडे, मनोज द्विवेदी, अनीश गौतम, अर्जुन मिश्र, शिवम द्विवेदी, रामबाबू गर्ग, सहित कई अन्य लोगों ने खुशी जाहिर की है।

## संदिग्धावस्था में युवक की हुई मौत

बबेरू/बांदा। संदिग्ध परिस्थिति में एक 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। आनन फानन इलाज हेतु सामु स्वा केन्द्र में भर्ती कराया ।जहां डाक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार बांदा निवासी राजघाट गोडी देवीचरण पुत्र रामआसरे उम्र 45 वर्ष की अचानक हालत गंभीर होने पर सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों में मृत्यु घोषित कर दिया कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला मुख्यालय भेज दिया जिससे परिवार में कोहराम मच गया मृतक अपने पीछे पत्नी शिवकली व चार बेटे लवलेश राजेश बृजेश मुकेश छोड़ गये ।वहीं मृतक के छोटे भाई आशीष कुमार ने आरोप लगाया की अनवान गांव में एक जेसीबी मालिक के यहां मजदूरी करता था और वही मार डालने का आरोप लगाया।सुबह हमें जानकारी दी गई। कोतवाली प्रभारी बलराम सिंह ने बताया शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## घरेलु विवाद के चलते महिला फांसी पर झूली, मौत

बांदा। पति से विवाद होने के बाद पत्नी ने सूने घर में छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शाम को घर लौटे पुत्र ने शव फंदे पर लटकता देखा तो चीख पड़ा । शोर गुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गौशाला में गायों की मौत का मामला ठंडे बस्ते में

## भूख से तड़पकर हो गई थी चार गायों की मौत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- तहसीलदार, नायब तहसीलदार समेत अधिकारी पहुंचे थे मौके पर
- जिलाधिकारी की सख्ती के बाबजूद अधिकारी मौन

शाहजहांपुर। खमरिया गांव की गौशाला में चार गायों की तड़पकर मौत मामला ठंडा बस्ते में पड़ता नजर आ रहा है किसी के खिलाफ कोई अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है अधिकारी जवाब देने बच रहे हैं। क्षेत्र के खमरिया गांव स्थित गौशाला में मंगलवार को चार गायों के मरने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी ।तहसीलदार आशीष कुमार नायब तहसीलदार निवेदिता ठाकुर हलका इंचार्ज भूपेंद्र सिंह ने भी निरीक्षण किया था। पशु चिकित्सकसाधिकारी ने मौके पर निरीक्षण करने के बाद बताया था कि कई दिन से बिना किसी सूचना गोपालक शेर सिंह कहीं चला गया था। संभवत्ता गायों की मौत भूख से हुई है वही इस मामले में भारतीय हिंदू परिषद गौ रक्षा दल के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह भारतीय बजरंग दल के मंडल अध्यक्ष के शिवम सिंह एवं मंडल उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह भी मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने सही कारण जन तक गायों को दफनाने से रोका था तहसीलदार के आश्वासन के बाद कार्यकर्ता शांत हुए और रात समय होने की वजह से पोस्टमार्टम नहीं हो पाया मृत गायों को दफना दिया गया था। इस संबंध में बुधवार को जब सचिव शशि बिंदपाल से उनका पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने कहा थाने पर तहरीर दी गई है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है वही रविवार को पुनः जब सचिव से उनका पक्ष जानना चाहा तो तो फोन रिसीव नहीं किया। उधर गौ रक्षक दल के कार्यकर्ता अभिषेक सिंह ने बताया कि नायब तहसीलदार द्वारा उनको सब कुछ व्यवस्थाएं ठीक होने की बात कही गई है लेकिन अभी तक कोई किसी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में देखे गए पांच सैकड़ा मरीज

बांदा। नरैनी रोड स्थित आक्सीजन पार्क के सामने शीराज क्लिनिक में निःशुल्क स्वाथ्य शिविर का आयोजन किया गया । डाक्टर मोहम्मद रफीक, डाक्टर शबाना रफीक ने फीता काट कर शिविर का शुभारंभ किया और मरीज देखे। इस के अलावा शीराज क्लिनिक की ओनर डाक्टर नमरा शीराज स्त्री रोग विशेषग्य, डाक्टर मोहम्मद मसजूद आई सर्जन, डाक्टर मोहम्मद आरिफ खान फिजिशियन,डाक्टर डाक्टर सूरज दन्त रोग विशेषग्य ने लगभग पांच सैकड़ा मरीजों का निशुल्क उपचार किया । डाक्टर नमरा ने बताया कि उनके इस शिविर में मरीजों को निशुल्क परामर्श के साथ साथ निशुल्क दवाइयाँ भी दी गई हैं कुछ बेसिक जांचे भी निशुल्क की गई हैं विशेष जांचों में 40 परसेंट की छूट दी गई है ।इस शिविर में सेवर्स आफ लाइफ की तरफ से ब्लड डोनर कैम्प भी लगाया गया। जिसमें डाक्टर नमरा के साथ साथ कई अन्य लोगों ने ब्लड डोनेट किया । इस शिविर में डाक्टर पीएस सागर, डाक्टर सोमेश त्रिपाठी, डाक्टर नीलम सिंह, डाक्टर प्रिय दीक्षित, आदि अतिथि के रूप में शामिल हुए ।

# मनुष्य जीवन परमात्मा को पाने का साधन है: कथा वाचक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अतर्रा/बांदा। मनुष्य जीवन परमात्मा को पाने का साधन है इसको व्यर्थ में नहीं गवना चाहिए उक्त बातें कस्बे की प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गौरा बाबा धाम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा की दूसरे दिन कपिल मुनि की कथा का वर्णन करते हुए कथा व्यास पंडित श्रवण कुमार शास्त्री ने कही।

कस्बे के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गौरा बाबा धाम में स्वर्गीय अनंत राम त्रिवेदी सिया दुलारी त्रिवेदी की स्मृति में चल रही श्रीमद् भागवत कथा की दूसरे दिन कथा व्यास पंडित श्रवण कुमार शास्त्री ने राजा परीक्षित हुआ कपिल मुनि के चरित्र का वर्णन करते हुए संसार में मनुष्य जन्म के महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि यह मनुष्य जीवन परमात्मा के भजन का एक साधन है जिसके माध्यम से भगवान के भक्ति व नाम संकीर्तन करके संसार के आवागमन से मुक्त हो सकते हैं उन्होंने कहा कि जीव जब मां के गर्भ में रहता है तो भगवान की आराधना व स्तुति करता है कि मुझे बाहर निकालो मैं आपकी भक्ति करूंगा और आपको नहीं भूलूंगा लेकिन संसार में आने के बाद ईश्वर की माया में फंसकर परमात्मा को भूल जाता है।

श्री शास्त्री ने बताया कि काम क्रोध लोभ मोह व ईर्ष्या यह पांच वृत्तीया है जिनके बस होकर मनुष्य अपने जीवन के उद्देश्य को भूल जाता है उन्होंने गोकर्ण व धुंधकारी की कथा का भी प्रसंग बताते हुए कहा कि जब धुंधकारी काम क्रोध लोभ के कारण प्रेत योनि को प्राप्त हुआ तो वह कारण जी द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के प्रभाव से प्रेत योनि से मुक्त कराया गया श्री शास्त्री ने राजा परीक्षित के श्राप की कथा सुनाते हुए कहा कि जब परीक्षित को श्राप हो गया की 7 दिन में उसकी मृत्यु हो जाएगी तो उनको सुखदेव जी ने श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करा कर मृत्यु से निर्भय कर दिया।

## मासूम की तालाब में डूबकर मौत

बांदा। सिक्का खोजने के चक्कर मे पैर फिसल जाने से मासूम तालाब में डूब गई। उसकी मौत हो गई। करीब 15 घंटे बाद शव तालाब में उतारा पाया गया। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनका पुरवा निवासी 5वर्षीय जान्हवी पुत्री बच्चादीन अनुरागी शनिवार की शाम अपने छोटे भाई राहुल और पड़ोसी बच्चो के साथ मनका तालाब खेलने गई थी। वह तालाब की सीढी में हाथ पैर धुल रही थी। तभी उसकी जेब में पड़ा सिक्का तालाब में गिर गया। सिक्का खोजने के चक्कर में पैर फिसल जाने से वह गहरे पानी में समा गई। देर शाम तक जब वह घर नही लौटी तो घरवालो ने उसकी खोजबीन किया। लेकिन पता नही चला। हालाकि राहुल ने तालाब में डूबने की बात भी बताई लेकिन घरवालो को विश्वास नही हुआ। रविवार की सुबह परिजन फिर से तालाब पहुंचे और उसकी तालाश किया।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में प्रतिभा खोज परीक्षा संपन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज शास्त्री नगर बांदा में पिछले दो दिवसों से प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है जिसका आज विधवक समापन हो गया प्रातः काल की परीक्षा मां सरस्वती की वंदना से प्रारंभ हुई तथा बाँदा संकुल से आए हुए इस परीक्षा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया यह परीक्षा बिंदकी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बलराम सिंह की देखरेख में संपन्न हुई पूरी परीक्षा के दौरान संकुल प्रमुख एवं बांदा के प्रधानाचार्य रमेश गुप्ता पूरी तरह से परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए अपना पूरा समय देते हुए परीक्षा के दौरान उपस्थित रहे इसके साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर शास्त्री नगर भी बराबर अपनी सक्रिय भूमिका में उपस्थित रहे यह परीक्षा विद्या भारती की प्रात योजना के अनुसार पूरे उत्तर प्रदेश के सभी संकुलो में आयोजित की जा रही है जो पिछले दो दिवसों से निरंतर जारी है इस परीक्षा का समापन आज विधिवततरीके से हुआ।

## महापरिषद की चौथी कर समिति की बैठक में दनादन ने किया प्रतिभाग

बांदा। रांची झारखंड अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद की चौथी कर समिति की बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम अनेक प्रांतो से आए हुए पदाधिकारियों ने शहीद स्थल कदंब के वृक्ष पर 1857 में फंसी पर जिंदगी सपूतों को अंग्रेजों द्वारा वृक्ष पर लटका कर फंसी दी गई नमन कर पुष्पांजलि अर्पित कर सजा रोहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार की कैबिनेट मंत्री दीपिका पांडे भी शामिल हुई उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय संयोजक हरिराम गुप्ता राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामकुमार स्वतंत्र प्रदेश महामंत्री डाक्टर संजय द्विवेदी दनादन प्रदेश कोआर्डिनेटर गिरजा शंकर राय चित्रकूट मंडल अध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट झांसी मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह बुंदेला शामिल हुए इसके अतिरिक्त अनेक प्रदेशों से आए हुए सेनानी उत्तराधिकारी शामिल हुए।

## प्रजापति समाज ने महात्मा संतराम बीए प्रजापति की मनाई जयंती

बांदा। प्रजापति समाज के तत्वाधान में जाति पति तोड़क मण्डल के संस्थापक महात्मा संतराम बीएव प्रजापति की जयंती कार्यक्रम का आयोजन एचएल इण्टर कालेज बांदा में भव्य आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जगदीश प्रसाद प्रजापति पूर्व राज्यमंत्री रहें। जिसकी अध्यक्षता डा. बीएल वर्मा ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन प्रोफ़ेसर बीव डीव प्रजापति जी ने किया जिसका कुशल संचालन डा. सीवी चक्रवर्ती, रामसेवक प्रजापति, सुधीर कुमार चक्रवर्ती एडव ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में जगन्नाथ प्रजापति, नारायण दास अकेला, रामप्रताप चक्रवर्ती, भाऊराम प्रजापति, भैरव प्रसाद प्रजापति पूर्व बीडीओ, बिहारी लाल प्रजापति जी नीरज भाऊ जिलापंचायत सदस्य, बैजनाथ प्रजापति पूर्व मैनेजर, प्रोफ़ेसर गोरेलाल प्रजापति, रामसेवक प्रजापति जी प्रधानाचार्य, लालमन प्रजापति, संदीप कुमार प्रजापति जी,आदि सैकड़ों की संख्या में बहुजन समाज के लोग उपस्थित रहें।

# पूर्व मंत्री के जन्मदिन पर सांसद ने सीएचसी में मरीजों को बांटे फल



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बबेरू/बांदा। रविवार को बांदा चित्रकूट सांसद कृष्णा देवी अपने पति व पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल व कार्यकर्ताओं के साथ बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपने पति व पूर्व सिंचाई राज्य मंत्री शिव शंकर पटेल के जन्मदिन की उपलक्ष पर सीएचसी बबेरू में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया है। और उनके लंबी उम्र की कामना किया है। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डाक्टर ऋषिकेश सिंह, फार्मासिस्ट ज्ञान सिंह, डाक्टर धर्मेंद्र सिंह, राहुल सिंह,जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत यादव, राजू द्विवेदी यादव, अनूप यादव, अशोक यादव, शुभम कश्यप, अंकित पटेल, मनीष पटेल, अन्नू मलिक सुनीता तिवारी सहित अस्पताल के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- जहर देकर युवक को मारे जाने का पत्नी पर लगा आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





शुक्लागंज-उन्नाव। थाना गंगाघाट क्षेत्र के ग्राम पोनी में रविवार सुबह एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 46 वर्षीय इशरार हुसैन पुत्र स्वर्गीय इस्लाम अली के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रविवार सुबह करीब आठ बजे 112 नंबर पर सूचना मिली कि इशरार हुसैन की रात में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। सूचना मिलते ही पीआरवी 6119 और थाना गंगाघाट पुलिस चौकी इंचार्ज जाजमऊ राहुल सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की जाहिरा चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। हालांकि, ग्रामीणों में यह चर्चा बनी हुई है कि इशरार को जहर देकर मारा गया है। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है।

मृतक इशरार हुसैन के हाथ के अंगूठे में स्याही लगी हुई पाई गई, जिससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि उनकी मौत संपत्ति हड़पने की साजिश का नतीजा हो सकती है। ग्रामीणों के अनुसार, संभव है कि किसी ने दस्तावेजों पर जबरन हस्ताक्षर या अंगूठा लगवाने के बाद उन्हें जहर देकर मार दिया हो।

गांव में चर्चा यह भी है कि इशरार की किसी संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था, और संभव है कि उसी विवाद के चलते उनकी हत्या कर दी गई हो। हालांकि, अभी तक परिजनों या किसी अन्य ने इस संबंध में कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। फिलहाल, गंगाघाट थाने के इंस्पेक्टर अनुराग सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस हर पहलू से मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि मृतक के हाथ पर लगी स्याही किसी कानूनी दस्तावेज से जुड़ी हुई है या नहीं। अगर संपत्ति विवाद की बात सामने आती है, तो संबंधित लोगों से पूछताछ कर मामले की तह तक जाने की कोशिश की जाएगी। वहीं मृतक की बहन सहरुन निशा की तहरीर पर पुलिस आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ रुद्राभिषेक

फतेहपुर चौरासी-उन्नाव। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शंकर की पूजा हेतु रुद्राभिषेक हुआ, पुण्य कार्य हेतु आयोजित अनुष्ठान में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। फतेहपुर चौरासी कस्बे मे शिवभक्त धर्मेंद्र चौरसिया द्वारा महा शिवरात्रि से पूर्व आज रविवार को अपने आवास पर जन कल्याण की भावना से रूद्राभिषेक का अनुष्ठान किया गया। आचार्य अरविन्द द्विवेदी के द्वारा वैदिक मन्त्रो के साथ रूद्राभिषेक कराया गया।आचार्य अरविन्द द्विवेदी बताया गया कि भगवान शिव को प्रसन्न करने का एक शक्तिशाली और प्रभावशाली उपाय है. रुद्राभिषेक करने से भगवान शिव की कृपा मिलती है और मनोकामनाएं पूरी होती हैं, शिव पूजन का बहुत ही महत्व है। भगवान शंकर की पूजा अर्चना कर निश्चित रूप से पुण्य का भागीदार बना जा सकता है।

# छह मार्च को होगी प्रथम चरण की ई-लाटरी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- समस्त आबकारी निरीक्षकों के साथ बैठकर जिला आबकारी अधिकारी ने की बैठक

उन्नाव। जिला आबकारी अधिकारी की आबकारी अध्यक्षता में जनपद के समस्त आबाकारी निरीक्षकों के वर्ष 2025-26 हेतु आबकारी दुकानों का व्यवस्थापन के सम्बन्ध में आहूत की गयी बैठक।

रवि शंकर जिला आबकारी अधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को पुरानी तहसील स्थित कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी में वर्ष 2025-26 हेतु आबकारी दुकानों के व्यवस्थापन के संबंध में जनपद के समस्त आबकारी निरीक्षकों के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि शासन एवं आबकारी आयुक्त के आबकारी नीति वर्ष 2025-26 हेतु निर्गत शासनादेश, अर्द्धशासकीय पत्र के अनुपालन में जनपद उन्नाव की समस्त आबकारी दुकानों 518 (देशी शराब-349, कम्पोजिट शॉप-142, माडल शाप-7 एवं भांग शाप-20) का व्यवस्थापन सार्वजनिक ई-लाटरी के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराये जाने, सार्वजनिक ई-लाटरी हेतु तैयार, प्रचारित, प्रकाशित किये गये चार्ट का सभी आबकारी निरीक्षकगण विशेष रूप से अध्यन करने एवं वर्ष 2025-26 हेतु घोषित आबकारी नीति में दिये गये उपबन्धों के आधार पर समस्त आबकारी दुकानों का प्रथम चरण की ई-लाटरी का व्यवस्थापन कराना सुनिश्चित करेंगें तथा विभाग द्वारा गठित कन्ट्रोल रूम के मोबाइल नंम्बरों क्रमशः 9454466279, 6392420318, 9454466683, 8707839806 पर आवेदन के इच्छुक आवेदकों द्वारा की जानी वाली पृच्छाओं का नियमानुसार विनम्रतापूर्वक समाधान करेंगे।

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया है कि आबकारी दुकानों का व्यवस्थापन ऑनलाइन ई-लाटरी के माध्यम से किया जाना है, जिसमें किसी प्रकार से किसी भी स्तर पर मानवीय हस्तक्षेप सम्भव नही है। आबकारी दुकानों के व्यवस्थापन हेतु होने वाली सार्वजनिक ई-लाटरी पूर्णतया पारदर्शी एवं ऑनलाइन है। सार्वजनिक ई-लाटरी हेतु इच्छुक आवेदन दिनांक 14.02.2025 से https://exciseelotteryup.upsdc.gov.in पोर्टल पर पंजीकरण एवं दिनांक 17 फरवरी से 27 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। प्रथम चरण की ई-लाटरी दिनांक छह मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे सम्पन्न होगी, जिसमें केवल वास्तविक आवेदकों को ही प्रवेश दिया जायेगा।

# जानता से रूबरू हुए सांसद, सुनी जनहित की समस्याएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मैलानी खीरी। मैलानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुआबोझ में रविवार को पहुंचे सपा सांसद उत्तकर्ष वर्मा,जहां पहुंचकर उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनी। बताते चलें कि चकबंदी आदि की कई प्रकार की बातों को लेकर सुआबोझ के किसान परेशान थे।यह समस्या काफी समय से चल रही है,लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकला था।

मानकों के अनुसार कार्य न होने से किसानों में आक्रोश था और जमीन को लेकर चिंता बनी हुई है। पलिया विधान सभा क्षेत्र के पूर्व सांसद और विधायक से भी किसानों ने अपनी पीड़ा को बताया था,लेकिन आश्वासन के अलावा इन किसानों को कुछ नहीं मिला।जिसको लेकर सपा सांसद उत्तकर्ष वर्मा आए और आश्वासन दिया कि किसानों का हक और उनकी जमीन दिलवाई जाएगी। अब किसानों की उम्मीदें वर्तमान सरकार के विपक्ष सांसद पर टिकी हुई हैं। देखना यह है कि सपा सांसद उत्कर्ष वर्मा उनका हक दिला पाते हैं या फिर आश्वासन ही किसानों को मिलेगा क्योंकि किसानों का कहना है कि मौजूदा विधायक से हमारी उम्मीदें टूट चुकी हैं। इसलिए किसानों ने अब अपनी उम्मीदें सपा सांसद उत्कर्ष वर्मा पर लगा रखीं हैं। सपा सांसद ने मैलानी में जनसभा की और दिल्ली की भगदड़ तथा महाकुंभ में हुई भगदड़ में मारे गए लोगों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा और संविधान को लेकर बात की कि संविधान है तो हम सब हैं।इस अवसर पर ग्राम पंचायत सुआबोझ के प्रधान प्रतिनिधि कैलाश कुमार,मैलानी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्षा पति नरेश यादव, शंभू दयाल,बलराम गुप्ता, ग्रामवासी, मैलानी नगर के लोग और किसानों सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## फरार अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्यवाही

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस द्वारा धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध जनपद में लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही। इसी क्रम में फर्जी कम्पनी द लोनी अर्बन मल्टीस्टेट क्रेडिट एंड थिफ्ट कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड (एल यू सी सी ) के नाम से ऑफिस खोलकर विभिन्न स्कीमों के माध्यम से जनता के भोले भाले लोगों को रुपये दोगुना करने का लालच देकर फर्जी बांड बनाकर मेच्योरिटी का पैसा देने का वादा कर धोखाधड़ी करने के सम्बन्ध में थाना बदोसराय पर पंजीकृत मु0अबिनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अधिनियम 2019 में वांछित अभियुक्तगण डॉ0 उत्तम सिंह राजपूत पुत्र स्व0 रामखेलावन लोध व श्रीमती माया सिंह राजपूत पत्नी डॉ0 उत्तम सिंह राजपूत निवासीगण बाराबंकी हास्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर जमुरिया नाला दयानंद नगर थाना कोतवाली नगर बाराबंकी, ए-19 स्प्रिंग गार्डे न मेन चौराहे के पास उत्तरधौना थाना बीबीडी कमिश्नरेट लखनऊ मूलपता ग्राम बसौली थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी के विरुद्ध मा0 न्यायालय द्वारा वारण्ट जारी किया गया था।

# पुलिस ने आठ वारटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

नीमगांव खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व ''वांछित,,वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना नीमगांव पुलिस द्वारा विभिन्न अभियोगो में आठ नफर वारन्टी अभियुक्तों 1.बोबी 2.सतीश उर्फ नन्ने 3.इतवारी 4.प्रमोद 5.संजय कुमार 6.मनोज 7.मौनू 8.अमित को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तो के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल उ0नि0 श्री जितेन्द्र पाल सिंह, उ0नि0 श्री आशीष सहरावत, उ0 नि0 सिद्धान्त पवार चौकी प्रभारी बेहजम थाना नीमगांव हे0 का0 श्रवण कुमार थाना नीमगांव का0 मोनू कुमार थाना नीमगांव,, का0 यतेन्द्र सिंह थाना नीमगांव,, का0 अवधेश कुमार थाना नीमगांव द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# राधा कृष्ण छवि कि प्राण प्रतिष्ठा कलश यात्रा, महारुद्राभिषेक का आयोजन





राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

भीरा खीरी। बोझवा अद्भभुत साईं धाम के परिसर में श्री राम दरबार एवं भावन श्री राधा कृष्ण जी अद्भभुत युगल छवि कि प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन पूज्य स्वर्गीय सत्येंद्र प्रकाश शर्मा एवं पूजनीय श्रीमती प्रेमलता शर्मा की सूक्ष्म उपस्थित व आशीर्वाद प्रेरणा से निम्नानुसार किया जाएगा। 22 फरवरी 2025 दिन शनिवार को कलश यात्रा सुबह 8:00 बजे से 25 फरवरी दिन मंगलवार शोभा यात्रा प्रातः 9:00 बजे सेनिकाली जाएगी। 26 फरवरी दिन बुधवार महा रुद्राभिषेक एवं प्राण प्रतिष्ठा 11:00 बजे से एवं अमृत भोग भंडारा दोपहर 12:00 से प्रभु इच्छा तक चलेगा। आचार्य पंडित रितेश शास्त्री पंडित अनुराग अवस्थी, मनबोध शुक्ला, अवनीश मिश्रा। निवेदक अमित तिवारी , मनीषा तिवारी , प्रखर तिवारी एवं तिवारी परिवार व स्मृति परिवार सहित सभी भक्तगढ़ मौजूद रहेंगे।

# क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के लखीमपुर खीरी अध्यक्ष इरफान अंसारी महासचिव अंशु वर्मा बने

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। महेवागंज पंचायत भवन में क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की पहली बैठक केंद्रीय प्रमुख क्रांतिकारी पत्रकार संपादक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल दूबे आजाद के निर्देश पर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें में काफी उत्साह दिखा।

जिसमें सर्वसम्मति लखीमपुर निवासी इरफान अंसारी को क्रांतिकारी पत्रकार परिषद का जिलाध्यक्ष, गोला निवासी अंशुल वर्मा को महासचिव तथा वरिष्ठ पत्रकार हरीश पांडेय को जिला प्रभारी बनाया गया । इस दौरान क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की तरफ से बहराइच जिले से संजय शुक्ल व लखनऊ टीम से मृत्युंजय चौधरी मौजूद रहे। इस बैठक में खीरी जनपद के क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के दर्जनों सदस्य शामिल हुए। बैठक का संचालक रामनिवास गुप्ता ने किया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की तरफ से संजय शुक्ल व लखनऊ टीम से मृत्युंजय चौधरी समेत कार्यक्रम अध्यक्ष अखिलेश रस्तोगी को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। प्रदेश से आए हुए दोनों प्रभारीगण द्वारा विस्तार से संगठन का उद्देश्य और केंद्रीय प्रमुख का संदेश प्रस्तुत किया और उपस्थित पत्रकारों में जोश भरने का काम किया प्रभारी ने संतोष व्यक्त करते हुए है क्रांतिकारी सदस्यों ने अध्यक्ष महासचिव को बधाई और शुभकामनाएं दिया । लखीमपुर खीरी के समस्त कर्मचारियों अधिकारियों को भी आगाह किया कि अब क्रांतिकारी पत्रकार परिषद का गठन लखीमपुर जनपद में हो चुका है लोग अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं और हमारे पत्रकार साथियों को भी सजग रहकर के पत्रकारिता करने को कहा गया।वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये क्रांतिकारी पत्रकार परिषद का जिलाध्यक्ष चुने जाने पर इरफान अंसारी ने अपने सभी क्रांतिकारी पत्रकार साथियों को आभार व्यक्त और धन्यवाद दिया कहा कि वह क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के केंद्रीय प्रमुख द्वारा दिए गए दायित्व का तन मन और धन के साथ निर्वाह करेंगे। इसके साथ ही वह परिषद के सभी सदस्यों समेत जिले के सभी पत्रकार साथियों की हर समस्या में हर संभव मदद करेंगे। इसके साथ ही क्रांतिकारी संगठन का विस्तार करेंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जनपद के वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश रस्तोगी ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकारों को अपनी कलम की ताकत को पहचानना होगा, पत्रकार की कलम ही उसकी ताकत व पहचान होती है। पत्रकारों को एकजुट रहने की आवश्यकताहै क्रांतिकारी पत्रकार परिषद संगठन एक अहम् भूमिका निभायेगा। बहराइच से आये प्रभारी संजय शुक्ला ने कहा कि क्रांतिकारी पत्रकार परिषद संगठन का देश के तमाम राज्यों तक विस्तार हो गया है, यह इकलौता संगठन है, जिसमें किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं देना है।सभी पत्रकारों को एकजुट होकर संगठन का विस्तार कर सहयोग देना चाहिए। जिले भर से आये क्रांतिकारी पत्रकारों को एकजुट होकर निस्वार्थ भाव से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह संगठन आपका अपना संगठन है, जितना हमारा संगठन मजबूत होगा, उतना ही आप स्वयं मजबूत होंगे। बैठक में जिला कार्यकारिणी के प्रस्तावित नाम इस प्रकार हैं कमलजीत सिंह, सोनू पटेल, पंकज शर्मा, सुनीत बाजपेई, योगेश कुमार, रामनिवास गुप्ता, मोहम्मद इरफान गाजी, त्रिभुवन वर्मा, शरीफ अंसारी, रितेश कुमार, महताब अंसारी, शाबान सिद्दीकी मोहम्मद तहजुब है। बैठक में मुख्य रूप से अतुल शुक्ला, नीरज यादव, अंकित वर्मा, तनवीरूद्दीन अंसारी, अनूप शर्मा, अरविंद कुमार मिश्रा, अर्कवंशी प्रदीप सिंह, नसरुद्दीन अंसारी, संदीप कुमार, राजेश राजपूत, राजू गिरि, अजय कुमार, नजर मोहम्मद, शफीउद्दीन अंसारी, खुर्शीद आलम, राहुल कुमार, अफजल अली, राजेश कुमार, पंकज राज, शिवम मिश्रा, अंकेश राजपूत, दुर्गा प्रसाद गोंड, नवीन गिरी, दिलीप गुप्ता '' मोनू मनोज प्रजापति, रोशन, प्रियंका नीरज जायसवाल, सुनील यादव सहित दर्जनों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# दस टायरा ट्रक ने साइकिल सवार वृद्ध को कुचला, मौत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। थाना कोतवाली गोला क्षेत्र के गोला सिकन्दबाद मार्ग पर सरायन पुलिया के निकट शनिवार दोपहर करीब 2 बजे तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार व्रद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। इस भीषण हादसे में साइकिल सवार वृद्ध का शव बुरी तरह से क्षत विक्षत हो गया और वृद्ध के अवशेष करीब 15 मीटर के दायरे में बिखर गए वही घटना पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शब को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक हैदराबाद थाना क्षेत्र की अजान चौकी क्षेत्र के ग्राम इमलिया निवासी तुलसी 65 वर्षीय पुत्र दीनदयाल भारती शनिवार को अपने घर से साइकिल से दबाई लेने के लिए गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रहे थे वह जैसे ही गोला सिकन्दबाद मार्ग पर सरायन पुलिया के निकट पहुंचे ही थे । तभी गोला की ओर से आ रहे तेज रफ्तार 10 टायरा ट्रक यूपी 17 बी टी 2445 ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस भीषण हादसे के वृद्ध का शव बुरी तरह से छत विक्षत हो गया था। और वृद्ध के अवशेष 15 मीटर के दायरे बिखर गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची गोला कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। इधर गोला कोतवाली पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे फरार वाहन और उसके चालक को खोज रही थी। पुलिस म्रतक की पहचान कराने में जुटी थी। इधर देर शाम तक म्रतक अपने घर नहीं पहुंचा तो म्रतक के परिवार वालों ने वृद्ध तुलसी को खोजने के लिए घर से निकले तो पता चला कि उनको किसी ट्रक ने रौद दिया है। सड़क हादसे की सूचना पाकर परिवार वालों का रो रो के बुरा हाल हो गया है। वही म्रतक के बड़े बेटे जसकरन ने गोला कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालक को जेल भेजने की मांग की है।

## राज्य सलाहकार ने बड़ागांव की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

मसौली बाराबंकी। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के राज्य सलाहकार दीपक यादव ने रविवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में संचालित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, यूनिट एवं कचरा संग्रहण पात्र का निरिक्षण किया। राज्य सलाहकार ने ग्राम पंचायत बड़ागांव मे फ़ेज 1 व फ़ेज 2 के तहत बने व्यक्तिगत शौचालयों का स्थलीय निरीक्षण किया इस दौरान लाभार्थियों से संवाद किया तथा शत प्रतिशत शौचालय प्रयोग करने के निर्देश दिये। राज्य सलाहकर ने फ़ेज 2 के लाभार्थी सतीश कुमार पुत्र बच्चूलाल के बन रहे शौचालय का जायजा लेते हुए शोकपिट गड्ढा बनवाने के निर्देश दिया इसके पश्चात टीम के सदस्यों ने फय्याज पुत्र फखरुल हसन, रफत पत्नी नफीस, इरफ़ान पुत्र मो0 हुसैन, इसरार पुत्र रौनक, नूर मोहम्मद पुत्र पीर गुलाम, जसीम पुत्र वसीम, मायाराम पुत्र रामदयाल, मो0 हुसैन पुत्र मंगरे , साबरीन , मंजूदेवी पत्नी गिरधारी के फ़ेज 2 के शौचालयों का जायजा लिया।

# लखनऊ से बरेली रेलखंड पर सवारी गाड़ियों की संख्या बढ़ाने के संबंध में गोला के व्यापारियों ने सौपा ज्ञापन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। अमान परिवर्तन के पश्चात कई वर्ष बीत जाने के बाद भी लखनऊ से बरेली रेल खंड पर पूर्व कि भांति सवारी गाड़ियों का संचालन नही हो सका है जिस कारण व्यापारियों एवं क्षेत्र वासियों को रेल यातायात सुगम ना होने के चलते काफी परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है।1. मैलानी जंक्शन से डालीगंज तक प्रातः 5 बजे के बाद 11:45 पर सवारी गाड़ी चलती है अतः प्रातः 7 से 8 बजे के मध्य एक सवारी गाड़ी देने की मांग की वहीं दोपहर में 2:05 बजे सीतापुर तक जाने वाली सवारी गाड़ी को लखनऊ तक करने व दोपहर 4 बजे के करीब एक नयी सवारी गाड़ी देने की मांग की गई 2.लखनऊ से बरेली रेल खंड पर लगभग सात साल बीत जाने के बाद भी लखनऊ व मैलानी से सीधे बरेली अभी तक कोई भी सवारी गाड़ी संचालित नहीं है,रेल यात्रा सुगम न होने के कारण व्यापारियों को बहुत नुकसान हो रहा है। 3. लखीमपुर खीरी जनपद के मैलानी जंक्शन से कानपुर, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब के लिए के लिए प्रतिदिन कम से कम दो जोड़ी गाड़ियों को संचालित कराए जाने की मांग की मांग की4. लोकमान्य तिलक टर्मिनल से सप्ताह में तीन बार सीतापुर तक आने वाली गाड़ी का विस्तार मैलानी जंक्शन स्टेशन तक करने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड में कई माह पहले लखनऊ मंडल से जा चुका है,उस प्रस्ताव पर मोहर लगवाने की की मांग की गई जिससे पड़ोसी देश नेपाल के यात्रियों के साथ-साथ जनपद वासियों को भी सीधे महाराष्ट्र जाने की सुविधा मिल सके। अतःजनपद वासियों को आपसे पूर्ण आशा एवं विश्वास है कि आपके द्वारा मांगो को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए उसका शीघ्र समाधान किया जाएगा ज्ञापन सौंपने वालों में राममोहन सोनी जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता नगर अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह नगर महामंत्री श्री पाल वर्मा,मिथलेश गुप्ता,जगदीश वर्मा,सन्नी गुप्ता,रामकिशोर मिश्रा आदि व्यापारी उपस्थित रहे ।

# संक्षिप्त समाचार

## मार्ग हादसे में युवक की मौत

बांदा। देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही मोड़ के पास रविवार की एक 30 वर्षीय युवक का शव पड़ा ग्रामीणो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आसपास के लोगो को बुलवा कर उसकी पहचान करवाने का प्रयास किया। लेकिन पहचान नही हो सकी। पुलिस का कहना है कि शव देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत गई। मृतक लाल रंग की जाकेट, काली टी शर्ट, पीला अंडर वियर, आसमानी रंग का जींस पहने था। उसकी पहचान नही हो सकी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## चौखंडी माता मंदिर प्रांगण में सामुदायिक भवन निर्माण का उद्घाटन

कमासिन/बांदा। स्थानीय क्षेत्र पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोर्रा बुजुर्ग में क्षेत्र पंचायत निधि से 5 लाख की लागत से चौखंडी देवी माता मंदिर प्रांगण में सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ है जिसका उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख रावेंद्र गर्ग ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ विधिवत पूजन अर्चन कर क्षेत्र के श्रद्धालु भक्तों को ठहरने हेतु समर्पित किया। ग्राम प्रधान कोर्रा बुजुर्ग रामदयाल यादव ,निखिल शुक्ला, मंदिर के महंत शिवचरण दास के अनुसार मंदिर में साधु संतों के ठहरने और हवन पूजन आदि करने के लिए चौखंडी माता का भव्य मंदिर जंगल में क्षेत्र वासियों के लिए आस्था का स्थान है यहां श्रद्धालुआकर अपनी मन्नतें मानते हैंऔर मन्नत पूरी होने पर हवन यज्ञ कीर्तन भंडारे का आयोजन भी करते हैं। वर्षा काल में छायादार भवन न होने से श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिसको देखते हुए ब्लाक प्रमुख के प्रयास से सामुदायिक भवन निर्माण हो जाने से सुविधा उपलब्ध हो गई है । गांव से काफी दूर जंगल में सामुदायिक भवन का निर्माण 5 लाख रुपए की लागत से क्षेत्र पंचायत निधि से कराया गया।

## मुखबिर की सूचना पर हत्या के प्रयास के आरोपी गिरफ्तार

शुक्लागंज-उन्नाव। कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि बीते मंगलवार को मरहला चौराहा निवासी अतुल पर सरैयां के रहने वाले शिवा और उसके पिता मुकेश ने कैंची से हमला कर दिया था। पुरानी रंजिश के चलते हुए इस हमले में अतुल गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 13 फरवरी को पिता-पुत्र के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था, जिसके बाद से दोनों फरार चल रहे थे। शनिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कार्यवाही के बाद पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## धूमधाम से मनाया गया 137 वां जन्म महोत्सव

शुक्लागंज- उन्नाव। सत्संग अधिवेशन केन्द्र, शुक्लागंज, जिला उन्नाव के तत्वाधान में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी का 137वां जन्म महोत्सव जे0पी0एस गैलेक्सी बैंक्वेट हाल में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशाल सत्संग, युवा सत्संग, मातृ सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भण्डारे का आयोजन किया गया। साथ ही डा0 निखिल चौहान के नेतृत्व में निःशुल्क मेडिकल कैम्प लगाया गया, जिसमें लगभग 300 लोगों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शुभम शुक्ला द्वारा लगभग 80 लोगों की ई0सी0जी0 तथा 50 लोगों की फ्री शुगर की जाँच भी की गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उन्होंने मेडिकल कैम्प तथा सत्संग का भी शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पालिका चेयरमैन कौमुदी पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, सुरेन्द्र नाथ उर्फ बाबा, सोनू बाजपेयी तथा समस्त सभासद भाई आदि उपस्थित रहे, जिनका सत्संग द्वारा सम्मान किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली से श्यामल गांगुली, डा0 नीलेश श्रीवास्तव (जौनपुर), हिरण्मय चक्रवर्ती, सुनील राय (कानपुर), कृति कुमार गांगुली, राम जी शुक्ला (लखनऊ) आदि ने श्री श्री ठाकुर जी के जीवन पर अपने विचार रखे।

# पंजाब नैशनल बैंक स्टाफ एसोसिएशन दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने को तैयार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




गाजीपुर। पंजाब नैशनल बैंक स्टाफ एसोसिएशन उत्तरप्रदेश की प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठक में बोलते हुये प्रान्तीय महामंत्री मदन मोहन राय ने कहा कि बैंक कर्मचारियों के संयुक्त मंच ने अपनी मांगों को लेकर एक बड़ा आंदोलन छेड़ रखा है। बैंककर्मी एकजुट होकर 24 व 25 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने को तैयार है। रविवार को शहर के लंका क्षेत्र में एक स्थानीय होटल के सभागार में स्टाफ एसोसिएशन के 14वें प्रान्तीय अधिवेशन के बाद की पहली प्रान्तीय कार्यकारिणी प्रान्तीय अध्यक्ष ललित श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें प्रान्तीय पदाधिकारियों सहित प्रदेश की तमाम जिला इकाइयों से प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। अपने संबोधन में प्रान्तीय महामंत्री मदन मोहन राय ने कहा कि बैंको में नई भर्ती बहुत जरूरी हो गयी है। खाली पड़े पद भरे नहीं जा रहे हैं। बैंक कर्मचारी काम के बोझ तले दबा है।

बैंको में आउटसोर्सिंग यूनियंस के विरोध के बाबजूद जारी है। उन्होंने कहा कि 5 दिवसीय बैंकिंग पर भारतीय बैंक संघ व बैंक यूनियंस के बीच सहमति बन जाने के बाबजूद सरकार इसे क्लियरेंस नही दे रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंसियल सर्विस का अनावश्यक हस्तक्षेप कार्मिक नीतियों को विपरीत प्रभावित कर रहा है। बैंक मैनेजमेंट की ओर से द्विपक्षीय समझौतों व सहमतियों का उल्लंघन किया जा रहा है। बारहवें द्विपक्षीय समझौते के मांगपत्र के लंबित मुद्दों पर बातचीत आगे नही बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कार्मिकों को मिलने वाले परिलाभों पर एकमुश्त कर कटौती ने उन्हें आर्थिक संकट में डाल दिया है। यह कर कटौती कार्मिक के वेतन से न की जाय। उन्होंने बैंक शाखाओं पर ग्राहकों के बढ़ते हमलों पर चिंता व्यक्त की और सरकार से मांग की कि इसके लिये उचित कानून बनाकर इसे हतोत्साहित किया जाय। प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठक में करीब बीस वक्ताओं ने संगठन पर अपने विचार रखे। मंच पर प्रान्तीय अध्यक्ष ललित श्रीवास्तव (लखनऊ) , वरिष्ठ उपाध्यक्ष यूपीएन सिंह (गोरखपुर) उपाध्यक्ष राजीव जैन ( सहारनपुर) व जितेंद्र शर्मा (अलीगढ़) उपमहामंत्री संजय शर्मा (वाराणसी) आसीन रहे। आयोजक इकाई गाज़ीपुर की ओर से सत्येंद्र गुप्ता ने स्वागत भाषण पढ़ते हुए गाज़ीपुर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व क्रांतिकारी इतिहास प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्यों को संबोधित किया। आयोजन में गाज़ीपुर इकाई की ओर से कमलेश कुमार सिंह, ह्रदय शंकर राय ने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभावी भूमिका अदा की।

# आज के परिवेश में पत्रकारिता विषय पर हुई गोष्ठी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। लखीमपुर में पत्रकार सुरक्षा परिषद फाउंडेशन द्वारा आज के प्रवेश में पत्रकारिता विषय पर गोष्ठी का डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क में आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि की हैसियत से वरिष्ठ पत्रकार आमिर रज़ा पम्मी रहे।इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि आमिर रज़ा ने कहा कि आज के परिवेश में पत्रकारिता काफी कठिन और संघर्ष का काम है। जिस तरह से पत्रकारों को हर मोड पर खतरों का सामना करना पड़ता है ऐसे मैं जरूरी है कि पत्रकार संगठित हो और एक दूसरे के साथ दुख सुख में खड़ा हो।उन्होंने कहा कि अधिकारी से लेकर माफिया तक के निशाने पर पत्रकार रहते हैं। उन्होंने पत्रकारों से संयम बनाकर सूझबूझ के साथ पत्रकारिता करने की अपील की।इस मौके पर पर पत्रकार सुरक्षा परिषद फाउंडेशन के सदस्य अमित मौर्य ने अपने विचार रखते हुए बताया कि हम सभी पत्रकारों को संगठित रहकर काम करना चाहिए आये दिन पत्रकार पर हमला हो रहें हैं माफिया लोगों के खिलाफ कोई भी खबर प्रसारित करते हैं तो आये दिन माफिया पत्रकारों को धमकी देते व हमला करते हैं। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल कवी, रमेश मौर्य, वरिष्ठ पत्रकार राकेश मौर्य मनीष गुप्ता मनोज मिश्रा,माशूक अली सुनील यादव,नीरज जयसवाल, अंशुमान सिंह, मनीष धवन, गोपाल कृष्ण अवस्थी, विशाल गोस्वामी, श्याम पांडेय, राहुल सिंह,मो.सईद, अमित मिश्रा समस्त पत्रकारगण उपस्थित रहें।

# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे जायसवाल पर विदर्भ के खिलाफ मुंबई प्रबल दावेदार

एजेंसी



नागपुर। चोटिल यशस्वी जायसवाल का मुंबई की टीम से बाहर रहना लगभग तय है लेकिन इसके बावजूद गत चैंपियन टीम सोमवार से यहां शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में विदर्भ के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। पता चला है कि जायसवाल अपनी चोट के आगे के आकलन के लिए जल्द ही बेंगलुरू स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जा सकते हैं क्योंकि उन्हें भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में 'टीम के साथ यात्रा नहीं करने वाले रिजर्व खिलाड़ी' के रूप में रखा गया है। जायसवाल की अनुपस्थिति किसी भी तरह से मुंबई की ताकत को कम नहीं करती हैं। यह मुकाबला पिछले साल के फाइनल की पुनरावृत्ति है जिसमें मुंबई ने विदर्भ को हराकर खिताब जीता था। मुंबई के पास कप्तान अजिंक्य रहाणे, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और शारदुल ठाकुर जैसे कई स्टार खिलाड़ी हैं जो अपने दम पर मैच का रुख बदल सकते हैं। कुछ शानदार खिलाड़ियों की मौजूदगी से कहीं अधिक यह 42 बार की चैंपियन टीम का दृढ़ संकल्प है जो उसे एक अलग पहचान दिलाता है। मौजूदा सत्र में कई मौकों पर मुंबई का शीर्ष क्रम विफल रहा लेकिन ठाकुर और तनुश कोटियान जैसे निचले क्रम के बल्लेबाजों ने शानदार प्रयास करते हुए टीम को संकट से निकाला। हरियाणा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में भी मुंबई ने 113 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन शम्स मुलानी और कोटियान ने आठवें विकेट के लिए 183 रन की साझेदारी करके मुंबई को जोरदार वापसी दिलाई। मुंबई को उम्मीद होगी कि नागपुर की पिच पर बड़े खिलाड़ी एक बार फिर बड़ी पारियां खेलते हुए नजर आएंगे क्योंकि यहां की पिच आमतौर पर बल्लेबाजी की अनुकूल होती है। विदर्भ के खिलाफ मुंबई अपने शीर्ष क्रम से प्रदर्शन में अधिक निरंतरता की उम्मीद करेगी। दूसरी तरफ विदर्भ की टीम शानदार फॉर्म में है। उनके गेंदबाजी आक्रमण में बड़े नाम नहीं हैं लेकिन हर्ष दुबे, यश ठाकुर, आदित्य ठाकरे और नचिकेत भूट ने विदर्भ के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ के स्पिनर दुबे मौजूदा रणजी सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं जिन्होंने 59 विकेट चटकाए हैं। विदर्भ की टीम मुंबई के शीर्ष क्रम के थोड़े डगमगाने वाले स्वभाव का फायदा उठाने और उन्हें शुरू से ही दबाव में डालने की कोशिश करेगी। मुंबई का कोई भी बल्लेबाज मौजूदा सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले शीर्ष 20 बल्लेबाजों की सूची में भी शामिल नहीं है। सिद्धेश लाड (565 रन) टीम के सबसे सफल बल्लेबाज हैं और वह सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में 22वें स्थान पर हैं। इसके विपरीत विदर्भ के बल्लेबाजी अच्छी फॉर्म में हैं। यश राठौड़ (728 रन) सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर हैं।

# टिम साउदी को चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी




दुबई। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को भरोसा है कि पाकिस्तान में हाल ही में समाप्त हुई त्रिकोणीय श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले उनके देश के कम अनुभवी तेज गेंदबाज चैंपियंस ट्रॉफी में भी अपनी इस फॉर्म को बरकरार रखेंगे। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 36 वर्षीय साउदी ने न्यूजीलैंड की तरफ से तीनों प्रारूप में 776 विकेट लिए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड को ट्रेंट बोल्ट की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी जबकि लॉकी फर्ग्यूसन का चोटिल होने के कारण खेलना संदिग्ध है। ऐसे में उसके तेज गेंदबाजी आक्रमण का दारोमदार विल ओ'रूर्के, जैकब डफी, नाथन स्मिथ और मैट हेनरी पर रहेगा। साउदी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विज्ञप्ति में कहा, मैं और बोल्ट इस समय आईसीसी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं इसलिए इस बार स्थिति थोड़ा भिन्न है लेकिन साथ ही यह उत्साह जनक भी है। इन प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनना महत्वपूर्ण होता है और अब इन युवा खिलाड़ियों पर जिम्मेदारी है और मैं उनके प्रदर्शन को लेकर काफी उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, जिस तरह से टीम ने प्रदर्शन किया है और विभिन्न खिलाड़ियों ने अलग-अलग अवसरों पर अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है वह शानदार है। यह टीम अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। साउदी ने कहा, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में खेलने से उन्हें फायदा मिलेगा। टीम ने टूर्नामेंट से पहले लय पकड़ ली है और वह परिस्थितियों से अच्छी तरह तालमेल बिठा चुकी है जिसका फायदा उसे आगे मिलेगा।

# साउदी को न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

एजेंसी

दुबई। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को भरोसा है कि पाकिस्तान में हाल ही में समाप्त हुई त्रिकोणीय श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले उनके देश के कम अनुभवी तेज गेंदबाज चैंपियंस ट्रॉफी में भी अपनी इस फॉर्म को बरकरार रखेंगे। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 36 वर्षीय साउदी ने न्यूजीलैंड की तरफ से तीनों प्रारूप में 776 विकेट लिए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड को ट्रेंट बोल्ट की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी जबकि लॉकी फर्ग्यूसन का चोटिल होने के कारण खेलना संदिग्ध है। ऐसे में उसके तेज गेंदबाजी आक्रमण का दारोमदार विल ओ'रूर्के, जैकब डफी, नाथन स्मिथ और मैट हेनरी पर रहेगा। साउदी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विज्ञप्ति में कहा, मैं और बोल्ट इस समय आईसीसी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं इसलिए इस बार स्थिति थोड़ा भिन्न है लेकिन साथ ही यह उत्साह जनक भी है। इन प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनना महत्वपूर्ण होता है और अब इन युवा खिलाड़ियों पर जिम्मेदारी है और मैं उनके प्रदर्शन को लेकर काफी उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, ''जिस तरह से टीम ने प्रदर्शन किया है और विभिन्न खिलाड़ियों ने अलग-अलग अवसरों पर अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है वह शानदार है। यह टीम अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। साउदी ने कहा, ''चैंपियंस ट्रॉफी से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में खेलने से उन्हें फायदा मिलेगा। टीम ने टूर्नामेंट से पहले लय पकड़ ली है और वह परिस्थितियों से अच्छी तरह तालमेल बिठा चुकी है जिसका फायदा उसे आगे मिलेगा।

# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल: केरल पर गुजरात का पलड़ा भारी

एजेंसी

अहमदाबाद। पूर्व चैंपियन और मेजबान गुजरात अपने आक्रामक खेल और मजबूत बल्लेबाजी के कारण केरल के खिलाफ सोमवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। गुजरात 2016-17 का चैंपियन है लेकिन वह 2019-20 के सत्र के बाद पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा है। उसने राजकोट में खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। गुजरात की सेमीफाइनल तक की राह में उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों मनन हिंगराजिया, जयमीत पटेल और विकेटकीपर उर्विल पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उर्विल ने पिछले मैच में 140 रन बनाए थे जो उनके प्रथम श्रेणी करियर का पहला शतक था। जयमीत ने भी इस मैच में शतक लगाया था जिससे गुजरात ने अपनी



पहली पारी में 511 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। जयमीत ने इस सत्र में गुजरात की तरफ से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक 48.50 की औसत से 582 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। मनन भी 570 रन बनाकर जयमीत से ज्यादा पीछे नहीं हैं। उन्होंने भी अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है और उनके नाम पर दो शतक दर्ज हैं। जहां तक सचिन बेबी की अगुवाई वाली केरल की टीम का सवाल है तो उसके लिए अभी तक का सफर काफी भावनात्मक रहा है। उसने क्वार्टर फाइनल में जम्मू कश्मीर पर पहली पारी में एक रन की बढ़त हासिल करने के दम पर दूसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। क्वार्टर फाइनल में केरल के सामने 399 रन का चुनौती पूर्ण लक्ष्य था लेकिन उसके बल्लेबाजों ने अपने धैर्य और दृढ़ संकल्प का शानदार नमूना पेश करके मैच को ड्रॉ करा कर अपनी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया था। इस मैच में सलमान निजार और मोहम्मद अजहरूद्दीन ने लगभग 43 ओवर में सातवें विकेट के लिए 115 रन की अटूट साझेदारी करके जम्मू कश्मीर की उम्मीद पर पानी फ़ेरा था। निजार इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने जम्मू कश्मीर के खिलाफ पहली पारी में नाबाद 112 रन बनाए थे और अगर केरल को अपना विजय अभियान जारी रखना है तो उन्हें फिर से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में केरल की तरफ से एमडी निधिश ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में 10 विकेट लिए थे। उनके नाम पर इस सत्र में अभी तक 22 विकेट दर्ज हैं। घरेलू क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी ऑलराउंडर जलज सक्सेना की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी।

टीम इस प्रकार हैं: गुजरात: प्रियांक पांचाल, आर्या देसाई, सिद्धार्थ देसाई, मनन हिंगराजिया, जयमीत पटेल, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), चिंतन गजा (कप्तान), विशाल जयसवाल, रवि बिश्नोई, अर्जन नागवासवाला, प्रियजीतसिंग जडेजा, ऋषि पटेल, आदित्य उदयकुमार पटेल, रिंकेश वाघेला, उमंग कुमार, तेजस पटेल, हेमांग पटेल, हेत पटेल, क्षितिज पटेल। केरल: अक्षय चंद्रन, रोहन कुन्नुम्मल, शॉन रोजर, सचिन बेबी (कप्तान), जलज सक्सेना, सलमान निज़ार, मोहम्मद अज़हरुद्दीन (विकेटकीपर), आदित्य सरवटे, एमडी निधिश, नेदुमंकुझी बासिल, बासिल थम्पी, वैसाख चंद्रन, बाबा अपराजित, विष्णु विनोद, केएम आसिफ, फाजिल फानूस, वाथसल गोविंद, कृष्णा प्रसाद और आनंद कृष्णन।

## संक्षिप्त समाचार

### चोटिल अल्लाह गजनफर आईपीएल से बाहर, मुंबई इंडियंस में मुजीब उर रहमान की हुई एंट्री

**मुंबई।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान को अनुबंधित करने की घोषणा की। मुजीब अपने ही देश के स्पिनर अल्लाह गजनफर की जगह लेंगे जो चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए हैं। अफगानिस्तान के 18 वर्षीय स्पिनर को एल 4 वर्टिब्रा में फ्रेक्चर हुआ है और वह चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाएंगे। अफगानिस्तान के हाल के जिंबाब्वे दौरे के दौरान गजनफर को चोट लगी थी। मुंबई इंडियन्स ने एक बयान में कहा, मुंबई इंडियंस गजनफर के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है और मुजीब का हमारे परिवार में स्वागत करता है। मुजीब अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक थे और उन्होंने तुरंत प्रभाव डाला जिससे उन्हें 17 साल की उम्र में आईपीएल में पदार्पण का मौका मिला। मुजीब ने 300 से अधिक टी20 (अंतरराष्ट्रीय और घरेलू) मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने लगभग 6.5 की इकोनॉमी रेट से 330 विकेट लिए हैं। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल की बड़ी नीलामी में उभरते हुए 18 वर्षीय ऑफ स्पिनर गजनफर को 4.80 करोड़ रुपये में अनुबंधित किया था।

### खेल मंत्री मांडविया ने युवाओं से साइकिल का उपयोग आवागमन के विकल्प के रूप में करने का आग्रह किया

**मुंबई।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को देश के युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वस्थ रहने और बेहतर पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए जब भी संभव हो साइकिल का उपयोग आवागमन के विकल्प के रूप में करें। मांडविया ने रविवार सुबह यहां 'फिट इंडिया मूवमेंट' के प्रमुख कार्यक्रम 'संडे ऑन साइकिल' की अगुआई की जिसका उद्देश्य साइकिल चलाकर स्वस्थ और तंदुरुस्त जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करना और साथ ही प्रदूषण के समाधान को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने कहा, ''मैं सभी से, खासकर युवाओं से, जब भी संभव हो साइकिल का उपयोग आवागमन के लिए करने का आग्रह करता हूं। इससे न केवल वे स्वस्थ रहेंगे बल्कि इससे हमारे पर्यावरण का समग्र स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। इस साइकिल यात्रा को गेटवे ऑफ इंडिया से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा में देश भर से 500 से अधिक साइकिल सवार शामिल हुए जिनमें स्वास्थ्य विशेषज्ञ, विभिन्न साइकिल क्लब और व्यक्तिगत फिटनेस उत्साही शामिल थे। अच्छे स्वास्थ्य के लिए साइकिल चलाने के अलावा इस सप्ताह के 'संडे ऑन साइकिल' का संदेश 'मोटापे से लड़ो' था। साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन नयी दिल्ली के ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में भी किया गया जिसमें 2024 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता और 2025 राष्ट्रीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता शिवानी पवार सहित 170 से अधिक राइडर शामिल हुए। 'संडे ऑन साइकिल' पहल पिछले साल 17 दिसंबर को शुरू की गई थी और इसे पहले ही पूरे भारत में 3500 से अधिक स्थानों पर आयोजित किया जा चुका है।

### जीव संयुक्त 19वें स्थान पर

**मारबेला (स्पेन)।** भारत के जीव मिल्खा सिंह दूसरे दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से यहां सत्र के शुरुआती मारबेला लीजेंड्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 19वें स्थान पर खिसक गए। पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर चल रहे जीव का 36 होल के बाद कुल स्कोर तीन अंडर 141 है। उन्होंने पहले दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाया था। साइमन ग्रीफिथ्स (65 और 68) 11 अंडर के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रहे हैं जबकि कोलिन मोंटगोमरी (65 और 70) नौ अंडर के कुल स्कोर से दूसरे पायदान पर हैं। टूर्नामेंट में अब सिर्फ एक दौर का खेल बाकी है।

### अदिति अशोक सऊदी लेडीज इंटरनेशल में संयुक्त 53वें स्थान पर रहीं

**रियाद।** भारत की अदिति अशोक तीसरे दौर में तीन ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के बाद रविवार को यहां सऊदी लेडीज इंटरनेशल गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 53वें स्थान पर रहीं। तीन दौर में 69, 72 और 75 का स्कोर बनाने वाली अदिति का कुल स्कोर पार 216 रहा। यह अदिति की 2025 में लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली प्रतियोगिता थी। अदिति ने तीसरे दौर में पार 72 के रियाद गोल्फ क्लब पर दो बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर तीन ओवर रहा। थाईलैंड की जीनो थिटिकुल ने चार शॉट के अंतर से अपना पांचवां यूरोपीय टूर खिताब जीता। विश्व महिला गोल्फ रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज थाईलैड की खिलाड़ी ने अंतिम दौर में तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर 16 अंडर रहा। कोरिया की सोमी ली 12 अंडर के कुल स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

### जापानी कंपनियां की 'चीन प्लस वन' रणनीति के तहत भारत पर नजर

**नयी दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के बाद जापानी कंपनियां भारत को अपने एक आधार के रूप में देख रही हैं, क्योंकि वे चीन पर निर्भरता कम करने के लिए अपने विनिर्माण और आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता लाने के लिए 'चीन प्लस वन' रणनीति अपना रही हैं। वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट के विशेषज्ञों ने यह कहा है। इस रणनीति में वैकल्पिक देशों में उत्पादन सुविधाएं स्थापित करना शामिल है, जिसमें भारत एक महत्वपूर्ण लाभार्थी के रूप में उभर रहा है। डेलॉयट जापान के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) केनिची किमुरा ने कहा, कोविड के बाद, जापानी कंपनियां 'चीन-प्लस' आपूर्ति शृंखला रणनीतियों की सक्रियता से खोज कर रही हैं, जिसमें भारत एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है। जहां कुछ कंपनियां जापान लौट गईं, वहीं अन्य भारत को न केवल एक विनिर्माण केंद्र के रूप में देख रही हैं, बल्कि इसे पश्चिम एशिया और अफ्रीका जैसे उच्च-वृद्धि वाले बाजारों के प्रवेश द्वार के रूप में भी देख रही हैं।

# भारत टेक्स में पंचतत्व से प्रेरित सस्टेनेबल टेक्सटाईल नवाचार का प्रदर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली। एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप की प्रमुख कंपनी आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड ने भारत मंडपम में चल रहे भारत के सबसे बड़े टेक्सटाईल कारोबार मेले भारत टेक्स 2025 में पंचतत्व से प्रेरित टेक्सटाईल इनोवेशन्स का प्रदर्शन किया है। केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरीराज सिंह ने कंपनी के इस पंचतत्व पहल की सराहना की है। भारत सरकार में टेक्सटाईल आयुक्त रूप राशि महापात्रा ने प्राचीन भारतीय ज्ञान 'पंचतत्व'- पांच तत्वों यानि अग्नि, धरती, जल, वायु और अंतरिक्ष- से प्रेरित इस नवाचार का अनावरण किया है जो सरकार के स्थायी भविष्य के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। प्रदर्शनी के दौरान पर्यावरण के अनुकूल टेक्सटाईल विज्ञान एवं कारोबार की सजग प्रथाओं के साथ उद्योग जगत के अग्रणी उत्पादों एवं सेवाओं को दर्शाया गया है, जिनमें पारम्परिक एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी के संयोजन से बने पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार टेक्सटाईल्स शामिल हैं। कंपनी के मेलांज यार्न कारोबार के प्रमुख एवं मुख्य कार्यकारी योगेश दत्त तिवारी ने कहा कि शो में आने वाले आगंतुक प्रत्येक पंचतत्व से प्रेरित उत्पादों को देख सकते हैं। अग्नि से प्रेरित टेक्सटाईल्स में आधुनिक अग्निरोधी, यूवी-प्रतिरोधी और उष्मा से सुरक्षित (हीट-प्रोटेक्टिव) फैब्रिक शामिल हैं, जिन्हें अत्याधुनिक थर्मोरेग्युलेशन टेक्नोलॉजी से बनाया गया है। धरती पर आधारित फैब्रिक में ओर्गेनिक कॉटन, हेम्प, जूट और बायोडीग्रेडेबल पॉलिस्टर से बने टेक्सटाईल्स हैं जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ मजबूत भी हैं। जल पर आधारित प्रोडक्ट की बात करें तो नमी सोखने वाले और जल्दी सूखने वाले जल-रोधी (वॉटर-रेपेलेन्ट) टेक्सटाईल्स हैं जिन्हें उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। इसी तरह वायु से प्रेरित परिधानों में ब्रीदेबल, गंध रोधी, जालीदार बुनाई से बने और लाईटवेट डेनिम फैब्रिक शामिल हैं। अंतरिक्ष से प्रेरित परिधानों में भविष्य के लिए तैयार टेक्सटाईल्स शामिल हैं जिन्हें हाई-टेक फाइबर, ग्राफीन-एन्हान्स्ड फैब्रिक और अडैप्टिव सामग्री से बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पंचतत्व से प्रेरित उत्पादों में गंध रोधी फंक्शनल यार्न, हॉलो पॉलिस्टर फाइबर-थर्मोलाइट/एयरथर्म, लाईटवेट डेनिम, ब्रीदेबल मैश निट, अग्निरोधी यार्न, वॉटर-रेपेलेन्ट डेनिम, एंटीमाइक्रोबियल सिल्वर-इन्फ्यूज़्ड कॉटन और अल्ट्रा-स्ट्रॉन्ग डायनीमा फाइबर शामिल हैं। आरएसडब्ल्यूएम के स्प्रिंग समर कलेक्शन 2026 में तीन कैटेगरीज़ पेश की गईं हैं- ईकोफ्यूज़न, इंटेलीजेन्ट सिम्पलीसिटी और इवॉल्व। निटेट फैब्रिक की एलएनजे निट्स लाईन से संबंधित 'ईको फ्यूज़न' कलेक्शन बेहतरीन परफोर्मेन्स के फिनिश वाले पर्यावरण के अनुकूल फाइबर से बना है।

## टिकाऊ प्रक्रियाओं से 2030 तक अरंडी के तेल का निर्यात 2.5 अरब डॉलर तक पहुंचेगा : एससीए

नयी दिल्ली। सस्टेनेबल कैस्टर एसोसिएशन (एससीए) के निदेशक अभय उदेशी ने कहा है कि भारत का अरंडी तेल निर्यात बढ़ रहा है, और इस जिंस की खेती में टिकाऊ मानकों को बढ़ावा देने से 2030 तक निर्यात को 2.5 अरब डॉलर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वे किसानों के बीच 'सक्सेस कोड' की स्वीकार्यता को बढ़ावा दे रहे हैं क्योंकि इससे उन्हें मिट्टी की गुणवत्ता को बहाल करने में मदद मिल सकती है। 'सक्सेस कोड' अरंडी की खेती के लिए एक स्वतंत्र रूप से ऑडिट योग्य कोड है जिसका उद्देश्य स्थिरता में सुधार करना है। जयंत एग्रो के चेयरमैन उदेशी ने कहा, वैश्विक बाजार में अरंडी के तेल की भारी मांग है। हम 2030 तक 2.5 अरब डॉलर के निर्यात की उम्मीद कर रहे हैं।

## बिजली उत्पादकों का नवीकरणीय ऊर्जा के लिए पारेषण शुल्क पर छूट 2030 तक बढ़ाने का अनुरोध

नयी दिल्ली। बिजली उत्पादकों ने सरकार से नवीकरणीय ऊर्ज़ा के लिए अंतर-राज्यीय पारेषण शुल्क पर छूट 2030 तक जारी रखने का अनुरोध किया है, ताकि स्वच्छ ऊर्ज़ा को भारत की अर्थव्यवस्था में और अधिक गहराई से जड़ें जमाने में मदद मिल सके। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्री प्रल्हाद जोशी की अध्यक्षता में पांच फरवरी को एक परामर्श बैठक आयोजित की गई, जिसमें विंड इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूआईपीपीए) और अन्य संघों ने अपनी चिंताओं और सुझावों को साझा किया। मामले से अवगत सूत्रों ने बताया कि कंपनियों की मुख्य मांग अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) शुल्क पर छूट को बढ़ाने की थी, जो इस वर्ष 30 जून को समाप्त होने वाली है। नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षेत्र की कंपनियों ने इस क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने तथा भारत के महत्वाकांक्षी ऊर्ज़ा बदलाव लक्ष्यों में सहायता के लिए एमएनआरई से आईएसटीएस छूट को 2030 तक बढ़ाने का अनुरोध किया।

# भारत-अमेरिका ट्रस्ट से आर्थिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा : विशेषज्ञ

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत-अमेरिका ट्रस्ट दोनों देशों के बीच आर्थिक और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग का रास्ता साफ करेगा, जबकि आईएमईसी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करने से बुनियादी ढांचे और आर्थिक गलियारों में सहयोग गहरा होगा। उद्योग विशेषज्ञों ने यह उम्मीद जताई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने महत्वपूर्ण खनिजों, उन्नत सामग्रियों और फार्मास्युटिकल्स की मजबूत आपूर्ति शृंखला बनाने पर जोर देने के लिए 'रणनीतिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए संबंधों में बदलाव' (ट्रस्ट) पहल पर सहमति जताई है। अमेरिका में ट्रंप-मोदी बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, दोनों देशों ने लिथियम और 'दुर्लभ मृदा' जैसे रणनीतिक खनिजों के लिए पुनर्प्राप्ति और प्रसंस्करण पहल शुरू करने का निर्णय लिया है। दोनों पक्ष आईएमईसी (भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा) और आई2यू2 ढांचे के तहत आर्थिक गलियारों और संपर्क बुनियादी ढांचे पर भी मिलकर काम करेंगे। भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के शीर्ष निकाय के अध्यक्ष और जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) के चेयरमैन नवीन जिंदल ने कहा, महत्वपूर्ण खनिजों और उन्नत सामग्रियों पर 'ट्रस्ट' की पहल आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आईएमईसी और आई2यू2 समूह पर प्रधानमंत्री का ध्यान वैश्विक संपर्क के लिए रणनीतिक प्रयास को दर्शाता है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा मिलता है। भारतीय स्टेनलेस स्टील विकास संघ (आईएसएसडीए) के अध्यक्ष राजमणि कृष्णमूर्ति ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों, उन्नत सामग्रियों और फार्मास्युटिकल्स के लिए मजबूत आपूर्ति शृंखला बनाने पर जोर, विशेष रूप से स्टेनलेस स्टील, विशेष मिश्र धातु और स्वच्छ ऊर्ज़ा जैसे क्षेत्रों में भारत के औद्योगिक भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अमेरिकी टैरिफ नीति और एफआईआई के रुख का बाजार पर रहेगा असर

एजेंसी

मुंबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीति से विश्व में व्यापार युद्ध छिड़ने की आशंका में हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह भी टैरिफ खतरे और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1920.98 अंक अर्थात 2.5 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 75939.21 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 630.7 अंक यानी 2.7 प्रतिशत कमजोर रहकर 22929.25 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली



और छोटी कंपनियों में हुई अधिक भारी बिकवाली से बाजार में कोहराम मच गया। इस दौरान मिडकैप 3318.48 अंक अर्थात 7.7 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 39731.79 अंक और स्मॉलकैप 4752.97 अंक यानी 9.5 प्रतिशत की गिरावट लेकर 45411.25 अंक पर आ गया। इस वर्ष फरवरी में अबतक एफआईआई की बिकवाली लगातार जारी है। एफआईआई ने इस महीने 04 फरवरी की 809.23 करोड़ रुपये की लिवाली को छोड़कर अबतक केवली बिकवाली की है। इससे उन्होंने बाजार से अबतक कुल 29,183.43 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। हालांकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की लगातार जारी लिवाली बाजार के लिए शुभ संकेत हैं। इस महीने अबतक डीआईआई कुल 26,019.07 करोड़ रुपये के लिवाल रहे हैं। विश्लेषकों के अनुसार, सप्ताह के अंत में बाजार में बिकवाली का रुख हावी रहा, जिससे निवेशकों के बीच निराशा का माहौल देखने को मिला। ब्याज दरों में कटौती की घटती संभावनाओं और उद्योग के कमजोर आंकड़ों ने सतर्कता बढ़ा दी, जिससे रियल एस्टेट सेक्टर को सबसे अधिक नुकसान हुआ। इसके अलावा, पीएमआई डेटा भी उम्मीद से कमजोर रहा। हालांकि, आईटी क्षेत्र के संतोषजनक परिणाम और विवेकाधीन खर्च में सुधार के शुरुआती संकेतों ने बाजार को थोड़ी राहत दी। वहीं, ट्रम्प की आर्थिक नीतियों और उच्च मूल्यांकन को लेकर बनी अनिश्चितता अल्पावधि में विशेष रूप से उभरते बाजारों पर प्रभाव डाल सकती है। कुल मिलाकर, तीसरी तिमाही के नतीजे उम्मीद के अनुरूप हैं लेकिन बाजार को पर्याप्त समर्थन नहीं दे रहे हैं, जिससे बिकवाली का रुख बना हुआ है। अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व की ओपेन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की आगामी बैठक और केंद्रीय बजट जैसी प्रमुख घटनाएं बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। एफओएमसी ने अब तक आक्रामक रुख बनाए रखा है जबकि ट्रम्प के ब्याज दरों में कटौती की मांग भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत हो सकती है। केंद्रीय बजट को लेकर उम्मीदें फिलहाल कम हैं लेकिन यदि इसमें कोई नकारात्मक आश्चर्य नहीं हुआ तो यह बाजार की चिंताओं को कम करने में मदद कर सकता है। व्यापक बाजार दबाव में है लेकिन लार्ज-कैप शेयरों का लचीलापन सकारात्मक संकेत देता है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242

Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सााई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# महाकुम्भ का आखिरी स्नान 26 फरवरी महाशिवरात्रि को

## ■ जानिए शुभ मुर्हूत और स्नान का महत्व

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




महाकुम्भ नगर। प्रयागराज में मकर संक्रांति से शुरू हुआ महाकुम्भ महाशिवरात्रि पर समाप्त होगा। विश्व के सबसे बड़े मेले महाकुम्भ में अब तक 51 करोड़ से अधिक श्रद्धालु शामिल हो चुके हैं। देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग कुम्भ देखने और स्नान करने के लिए आ रहे हैं। मान्यता है कि महाकुंभ में स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाकुम्भ के सारे अमृत स्नान अब समाप्त हो गए हैं। अगर आप भी अभी तक महाकुम्भ नहीं जा पाए हैं तो आपको चिंतित होने की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि महाकुम्भ का आखिरी पर्व स्नान अभी शेष है। बता दे, महाकुम्भ का आखिरी पर्व स्नान 26 फरवरी को महाशिवरात्रि को होगा। महाशिवरात्रि का महत्व : हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि के पर्व को बहुत ही विशेष माना जाता है। महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार, महाशिवरात्रि का ही वो दिन था, जब भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती विवाह के बंधन में बंधे थे। महाशिवरात्रि पर ही भगवान ने माता पार्वती से विवाह कर गृहस्थ जीवन में कदम रखा था। इस मुहूर्त में करें स्नान : पंडित अवधेश मिश्र शास्त्री के अनुसार, फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 8 मिनट पर शुरू होगी। वहीं इस तिथि का समापन 27 फरवरी को सुबह 8 बजकर 54 मिनट पर हो जाएगा। ऐसे में 26 फरवरी महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा और इसी दिन इसका व्रत भी रखा जाएग।. वहीं इस बारमहाशिवरात्रि के दिन प्रयागराज के महाकुम्भ में स्नान का विशेष संयोग निर्मित हो रहा है। इस वजह से महाशिवरात्रि का त्योहार कई गुना अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। धार्मिक मान्यता है कि ब्रह्म मुहूर्त के दौरान त्रिवेणी संगम में स्नान करना बेहद फलदायी साबित होता है। इसके अलावा महाशिवरात्रि की तिथि के किसी भी समय स्नान किया जा सकता है। महाशिवरात्रि पर स्नान का महत्व : महाशिवरात्रि पर संगम में स्नान को अमृत स्नान की मान्यता नहीं मिलेगी, लेकिन इस तिथि को स्नान का धार्मिक महत्व है। महाशिवरात्रि पर शिव योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग जैसे दुर्लभ योग बन रहे है। इन्हीं योगों में संग स्नान से सभी पाप मिट जाएंगे और भगवान शिव की कृपा प्राप्त होगी। घर पर ही महाकुम्भ का पुण्य कैसे कर सकते हैं अर्जित : पंडित अवधेश मिश्र शास्त्री के अनुसार, अगर आप प्रयागराज नहीं जा पा रहे हैं, तो कोशिश करें कि आप जहां रहते हैं, वहां पवित्र नदी में जाकर स्नान जरूर कर सकते हैं। अगर आपके आसपास कोई पवित्र नदी नहीं है तो आप घर में नहाने के पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करें। इससे भी पुण्य प्राप्ति हो सकती है। अगर आप महाकुंभ के दौरान घर पर ही स्नान कर रहे हैं, तो इस मंत्र का विशेष रूप से जाप करें। इससे आपको पुण्य फलों की प्राप्ति हो सकती है। गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति, नर्मदे सिंधु कावेरी जलेस्मिन् सन्निधिं कुरू।।

# महाकुम्भ में डिजिटल पेमेंट का जलवा निचले पायदान पर भी दिख रहा प्रभाव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



महाकुम्भ नगर। डिजिटल पेमेंट की देश में जब शुरूआत हुई तो विपक्ष के राजनीतिक दलों ने इसकी आलोचना यह कहकर कि गरीब, अनपढ़ और आम आदमी इसका इस्तेमाल कैसे करेगा। तीर्थराज प्रयाग में सजे दुनिया के सबसे बड़े समागम महाकुम्भ में डिजिटल पेमेंट सिस्टम का प्रभाव निचले पायदान पर साफ तौर पर दिख रहा है। लइया चना, चाय पकौड़ी बेचने वाले से लेकर पंडितजी और नाव वाले मुस्कराकर डिजिटल पेमेंट स्वीकारते हैं। हर छोटी बड़ी दुकान के सामने क्यूआर कोड का स्टीकर या बोलने वाली मशीन आपको दिख जाएगी। जिनके पास मशीन नहीं है, वो मोबाइल नम्बर से पेमेंट लेते हैं। महाकुम्भ मेले में 2 लाख करोड़ की कमाई का अनुमान है। इसमें बड़ी हिस्सेदारी डिजिटल पेमेंट की होगी। महाकुम्भ क्षेत्र के केंद्रीय अस्पताल के सामने लइया, चूड़ा, गट्टा बेचने वाली जया कुमारी बताती है, ''मैं नहीं जानती कि ये कैसे होता है, लेकिन जब पेमेंट वाला डिब्बा बोलता है कि इतने पैसे मिले तो सौदा दे देती हूं। कोई दिक्कत होती है तो बेटा देख लेता है।'' जया का बेटा समर अभी नौ साल का है और वो मोबाइल पर दिनभर का हिसाब किताब आसानी से समझ लेता है। सेक्टर 2 में श्रद्धालुओं का हुजूम रस्सी पर चलती छोटी बच्ची के कारनामे देखकर हैरान है। कोई उसकी फोटो खींच रहा है तो कोई उसका वीडिया बना रहा है। नीचे बिछी चादर पर श्रद्धालु पैसे डालते हैं। पेमेंट के लिये डिजिटल पेमेंट का विकल्प भी है। श्रद्धालु यूपीआई के माध्यम से भी पैसे देते हैं। पूछने पर रजनी बताती है कि,'आजकल बाजार में खुले पैसों की दिक्कत रहती है। इसलिये हमने भी मोबाइल से पैसा लेने की सोची।' उसके मुताबिक, जिन लोगों की जेब में खुले पैसे नहीं होते वो मोबाइल से पैसे डाल देते हैं। सेक्टर 2 त्रिवेणी बाजार के निकट चाय बेचने वाले पंकज बताते हैं कि, ''पिछले डेढ़ महीने से चाय की दुकान लगा रहा हूं। अस्सी परसेंट से ज्यादा पेमेंट ?ऑनलाइन ही आ रही है।'' पंकज के मुताबिक, ''मेला क्षेत्र में पैसा निकालने की मशीनें ज्यादा नहीं है, ऐसे में यात्री नगद पैसा खर्च करने की बजाय ऑनलाइन पेमेंट करना चाहते हैं। इसमें हमें भी सुविधा रहती है, कैश लेन-देन में समय लगता है, जिससे कस्टमर डीलिंग में परेशानी आती है। बड़े हनुमान मंदिर क्षेत्र में लइया चने बेचने वाले राजकुमार कहते हैं, ''आजकल लोगों के पास ज्यादा पैसे नहीं होते। ज्यादातर ग्राहक ऑनलाइन पेमेंट देते हैं।'' वो कहते हैं, ''ऑनलाइन की वजह से हमें भी आसानी है, छुट्टा पैसा वापस करने का झंझट नहीं रहता। पैसे भी पूरे खाते में आ जाते हैं। संगम अपर मार्ग पर गंगाजली बेचने वाली 65 साल की रामरत्ती कहती हैं, ''मैं तो मोबाइल ज्यादा नहीं चला पाती, लेकिन पैसे वाली मशीन से पता चल जाता है कि पैसे आ गये हैं।'' वो कहती है, 'मोबाइल से पैसे लेने से पैसा संभालने की चिंता नहीं रहती, यहां कोई पक्की दुकान तो है नहीं। थोड़े पैसे नगद आते हैं, ज्यादातर लोग मोबाइल से ही पैसे देते हैं। संगम क्षेत्र में घूम-घूमकर नीम की दातुन बेचने वाला शंकर कहता है, ''यात्री पांच दस रुपये का भुगतान भी ऑनलाइन करते हैं। बिजनेस करना है तो ?ऑनलाइन पेमेंट लेनी पड़ती है। वो कहते हैं, ''ऑनलाइन पेमेंट न लें तो बिजनेस आधा रह जाएगा। तीर्थ पुरोहित अमित पाण्डेय कहते हैं, ''अब लोग ज्यादा पैसा लेकर यात्रा करना पसंद नहीं करते हैं। हमारे बहुत से यजमान ऑनलाइन पेमेंट करते हैं। बदलते समय के साथ चलने में ही समझदारी है। डिजिटल पेमेंट से जुड़ी कंपनी पेटीएम के प्रतिनिधि अभिषेक मिश्रा ने बताया कि, ''कुम्भ मेले में एक महीने से कम समय में हमारी टीम ने 5 हजार से ज्यादा नये एकाउंट खोले।'' वो कहते हैं कि, ''मेला खत्म होने वाला है, इसलिए एकाउंट खुलने की रफ्तार कम है।'' पेटीएम के अलावा फोन-पे और दूसरी कंपनियों ने भी एकाउंट खोले हैं। त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगाकर परिवार सहित घर वापिस जा रहे दिल्ली निवासी नीतेश ने बताया? कि, 'हमने अपने साथ न तो कैश पैसा रखा और ना ही क्रेडिट कार्ड। हमारे पास केवल अपने फोन थे लेकिन हमें पैसे देने में कोई दिक्कत नहीं हुई और हमने डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल किया, यहां तक कि पंडित जी और नाव वाले का भुगतान भी इसी माध्यम से किया। रेल यात्रियों के लिये डिजिटल भुगतान की सुविधा : कुम्भ में आने वालों यात्रियों की सुविधा के लिये रेलवे भी टिकट वितरण, एटीवीएम, जेटीबीएस, यूटीएस ऐप एवं स्टेशन टिकट काउंटर के माध्यम से कर रहा है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग हिमांशु शुक्ला ने बताया कि, वर्तमान में प्रयागराज मण्डल में 174 यूटीएस काउंटर, 25 पीआरएस टिकट काउंटर एवं 27 यूटीएस कम पीआरएस टिकट काउंटर सहित कुल 226 टिकट काउंटर कार्यरत हैं। यूनिफ़ाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई) को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीवीआई ) की ओर से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय बैंकों के सहयोग से विकसित किया गया है। इसे 2016 में लॉन्च किया गया था। इसने बिल भुगतान समेत विभिन्न वित्तीय सेवाओं के एकीकरण की भी सुविधा प्रदान की है। 2016 में 21 बैंकों से शुरू होकर यूपीआई सिस्टम में आज 381 से ज्यादा बैंक शामिल हैं, जिससे हर महीने अरबों डिजिटल लेन-देन होते हैं। एक अनुमान के मुताबिक 2028-29 तक यूपीआई से होने वाला भुगतान बढ़कर 439 अरब रुपये हो जाएगा। यह कुल खुदरा डिजिटल भुगतान का 91 फीसदी होगा।

## जौनपुर में श्रद्धालुओं की कार पलटने से एक की मौत, दस घायल

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र में सई नदी पुल के पास शनिवार देर रात ट्रक से बचने में तीर्थ यात्रियों की बोलेरो पलट गयी। हादसे में एक यात्री की मौत और 10 लोग घायल हो गये। इनमें तीन की हालत गंभीर है। थाना प्रभारी घनानंद त्रिपाठी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के बैकुंठपुर कोरिया के रहने वाले लगभग 12 लोग महाकुंभ स्नान के बाद रामलला के दर्शन को अयोध्या गये थे। शनिवार को वहां से वापस काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए आ रहे थे। देर रात करीब एक बजे के आसपास उनकी कार कोडरी बाजार के सई नदी पुल के पास पहुंची थी, तभी आगे जा रही ट्रक से बचने के लिए चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया।

# गंगा में नौकायन के समय लाइफ जैकेट अवश्य पहनने की अपील, जागरूकता अभियान

## ■ नमामि गंगे ने गंगा द्वार पर श्रद्धालुओं को किया जागरूक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। प्रयागराज महाकुंभ से लाखों श्रद्धालुओं के काशी पलट प्रवाह को देख गंगाघाटों पर सुरक्षा के साथ स्वच्छता के लिए सामाजिक संगठन भी जागरूकता अभियान चला रहे हैं। रविवार को श्री श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर आस्था के साथ स्वच्छता और सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए नमामि गंगे के सदस्यों ने अभियान चलाया। सदस्यों ने ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से अपील किया कि श्रद्धालु स्वयं और साथ आए अपने परिवार की सुरक्षा का विशेष ध्यान दें । गंगाघाटों पर अत्यधिक भीड़ में जाने से बचें । नावों पर सवारी के दौरान श्रद्धालु लाइफ जैकेट अवश्य पहने। गंगा तट की स्वच्छता बनाए रखने में भी सहयोग दे। गंगा में नौकायन करा रहे नाविकों से भी कहा गया कि वह लाइफ जैकेट अवश्य पहनें और पहनाएं। गंगा द्वार पर राष्ट्रध्वज और स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ कई श्रद्धालुओं ने इसके लिए संकल्प लिया। अभियान में शामिल नमामि गंगे के राजेश शुक्ल ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा बहुत जरूरी है। श्रद्धालुओं से अपील है कि अत्यधिक भीड़ से बचें, नावों पर बैठते समय लाइफ जैकेट अवश्य पहनें और नाव पर बैठने की क्षमता के अनुसार ही बैठे। गंगा किनारे की स्वच्छता का विशेष ख्याल रखें। इस अभियान में पायल त्रिपाठी, सौम्य चौरसिया आदि ने भी उत्साह से भागीदारी की।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर

**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस(से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**

कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल : noidarp@gmail.com

प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उप्र)


# महाकुम्भः शंकराचार्य के शिविर में पहुंचे उप्र के श्रम एवं सेवायोजन अध्यक्ष डॉ.रघुराज सिंह, लिया आशीर्वाद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



महाकुम्भ नगर। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री अध्यक्ष श्रम एवं सेवायोजन डॉ.रघुराज सिंह रविवार सुबह प्रयागराज महाकुम्भ में स्थित गोवर्धन मठ पुरी पीठ शंकरचार्य शिविर में पहुंचे। जहां शंकराचार्य जी महाराज से धर्म चर्चा किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। गोवर्धन मठ पुरी पीठ शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानन्द देवतीर्थ के महाकुम्भ सेक्टर 18 के हर्षवर्धन मार्ग स्थित शिविर में रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री, अध्यक्ष श्रम एवं सेवायोजन डॉक्टर रघराज सिंह पहुंचे। वह संगम स्नान करने बाद शिविर में चल रहे महायज्ञ में शामिल हुए और आद्य शंकराचार्य भगवान की चरण पादुका का पूजन किया। पीठ के वर्तमान शंकराचार्य स्वामी देवतीर्थ महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान शिविर में कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ में परिजनों से बिछुड़ी वृद्ध महिला को मिला समाज कल्याण विभाग का साथ

## ■ मंत्री के निर्देश पर उपनिदेशक महाकुम्भ ने अस्पताल जाकर जाना हाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



महाकुंभनगर। महाकुम्भ क्षेत्र में 80 वर्षीय बीमार वृद्ध महिला के परिजनों से बिछड जाने और अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण को हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तत्काल उपनिदेशक महाकुम्भ एके सिंह को अस्पताल भेजा ताकि बुजुर्ग के इलाज में कोई कमी न रह जाए और परिजनों का विवरण एकत्र कर जल्दी मिलवाया जा सके। विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि मंत्री के निर्देश पर उपनिदेशक महाकुम्भ ने अस्पताल पहुंच कर उपचार कर रहे डॉक्टर से संपर्क कर जानकारी हासिल की। महिला की तीमारदारी के लिए विभाग की तरफ से 24 घंटे एक कर्मचारी की ड्यूटी लगायी है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वृद्ध महिला को प्रयागराज स्थित समाज कल्याण विभाग वृद्धाश्रम में रखा जायेगा। साथ ही उन्हें अनुमन्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ भी दिया जायेगा। महिला ने अपना नाम रेखा और पति का नाम चन्द्रशील द्विवेदी निवासी न्यू कटरा प्रयागराज बताया है। समाज कल्याण विभाग ने वृद्ध महिला के परिजनों की खोजबीन शुरू कर दी है।

# नर रूपी नारायण की सेवा करने से ही हमें नारायण की प्राप्ति होगी : श्रीमहंत नारायण गिरि

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

## ■ प्रयागराज महाकुंभ में 45 दिन के प्रवास के बाद श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज भगवान दूधेश्वर की सेवा में हाजिर हुए



महाकुम्भ नगर। नारायण का वास तो हर जीव व कण-कण में है। नर रूपी नारायण की सेवा करने से ही हमें नारायण की प्राप्ति हो सकती है। यह बात रविवार को प्रयागराज महाकुम्भ से गाजियाबाद स्थित श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में पहुंचने के बाद श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि ने कहा। महाराजश्री ने कहा कि भगवान दूधेश्वर की सेवा ही उनके जीवन का उद्देश्य है। उनकी सेवा के बिना एक क्षण भी नहीं रह सकते हैं। प्रयागराज महाकुंभ में भी उन्होंने भगवान दूधेश्वर के प्रतीक की नित्य सेवा की। 26 फरवरी को महाशिव रात्रि पर्व भी है। इसी के चलते भगवान दूधेश्वर की सेवा हेतु व महाशिवरात्रि पर्व के लिए व्यवस्था बनाने के लिए वे रविवार को श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर पहुंचे। महाशिवरात्रि पर्व के बाद वे काशी के लिए रवाना होंगी और होली पर्व तक वहीं प्रवास कर पुनः भगवान दूधेश्वर की सेवा में हाजिर होंगे। महाराजश्री के मंदिर पहुंचने की जानकारी मिलते ही शहर के सैकडों श्रद्धालु मंदिरों पहुंचे और पूजा-अर्चना के बाद महाराजश्री से भेंटकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराजश्री को प्रयागरात महाकुंभ के बाद काशी प्रवास के लिए प्रस्थान करना था, लेकिन श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज प्रयागराज महाकुंभ में 45 दिन के कल्पवास के बाद रविवार को ऐतिहासिक सिद्ध पीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर पहुंचे। जहां उनका जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ के आचार्यो, विद्यार्थियों, मंदिर के पुजारियों व स्वयंसेवकों के साथ बडी संख्या में मौजूद भक्तों ने महाराजश्री का स्वागत अभिनंदन कर उनसे आशीर्वाद लिया। महाराजश्री ने मंदिर पहुंचने पर भगवान दूधेश्वर की पूजा कर उनका अभिषेक किया। भगवान राम, भगवान कृष्ण, भगवान सत्यनारायण, हुनमान भगवान, मांग दुर्गा समेत सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की व गुरू मुर्तियों की सिद्ध समाधियों को मत्था टेका। महाराजश्री मंदिर की गौशाला पहुंचे तो उन्हें देखते ही गौमाता प्रसन्न हो गईं। उन्होंने गौमाता की सेवा की व उन्हें अपने हाथों से उन्हें भोजन कराया। श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत किया। महाराजश्री ने सभी आचार्यों व प्रत्येक विद्यार्थी से मिलकर हालचाल जाना। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन के साथ अपने लक्ष्य को प्रापत करने का संदेश दिया। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की प्रेरणा से प्रयागराज महाकुंभ में श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर द्वारा सेक्टर 20 संगम लोअर मार्ग पर शास्त्री ब्रिज के नीचे कुंभ मेला क्षेत्र में श्री दूधेश्वर नाथ महादेव कुंभ मेला शिविर लगाया गया था। शिविर 1 जनवरी से 12 फरवरी तक चला। इस दौरान देश-विदेश के हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन शिविर में पहुचे और शिविर में पुजा-अर्चना कर महाराजश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के मार्गदर्शन व महाराजश्री की अध्यक्षता में श्री दूधेश्वर नाथ महादेव कुंभ मेला शिविर ने प्रयागराज महाकुंभ में नर सेवा नारायण सेवा की ऐसी मिसाल कायम की कि देश ही नहीं पूरे विश्व में उसकी सराहना हो रही है। शिविर में एक लाख जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। प्रतिदिन हजारों जरूरतमंदों के लिए चाय-नाश्ते से लेकर खाने की व्यवस्था की गई। महाराजश्री ने कहा कि भगवान दूधेश्वर की सेवा ही उनके जीवन का उद्देश्य है। उनकी सेवा के बिना एक क्षण भी नहीं रह सकते हैं। प्रयागराज महाकुंभ में भी उन्होंने भगवान दूधेश्वर के प्रतीक की नित्य सेवा की। 26 फरवरी को महाशिव रात्रि पर्व भी है। इसी के चलते भगवान दूधेश्वर की सेवा हेतु व महाशिवरात्रि पर्व के लिए व्यवस्था बनाने के लिए वे रविवार को श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर पहुंचे। महाशिवरात्रि पर्व के बाद वे काशी के लिए रवाना होंगी और होली पर्व तक वहीं प्रवास कर पुनः भगवान दूधेश्वर की सेवा में हाजिर होंगे। महाराजश्री के मंदिर पहुंचने की जानकारी मिलते ही शहर के सैकडों श्रद्धालु मंदिरों पहुंचे और पूजा-अर्चना के बाद महाराजश्री से भेंटकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# काशी तमिल संगमम में भाग लेने तमिलनाडु से दूसरा जत्था भी काशी पहुंचा,भव्य स्वागत

## ■ जत्थे में किसान और कारीगर है शामिल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। काशी तमिल संगमम-3 में शामिल होने के लिए तमिल मेहमानों का दूसरा जत्था भी विशेष ट्रेन से रविवार को वाराणसी पहुंच गया। दूसरे जत्थे में शामिल किसानों और कारीगरों का बनारस रेलवे स्टेशन पर बिछे रेड कारपेट पर वणक्कम कहकर स्वागत किया गया। स्टेशन पर ढ़ोल, नगाड़ा और डमरू बजा पुष्पवर्षा के बीच मेहमानों को फूलों की माला पहनाया गया। भव्य स्वागत से आह्लादित तमिल मेहमानों को लग्जरी बसों से होटल पहुंचाया गया। तमिल किसानों और कारीगरों के स्वागत के लिए प्रशासनिक और आईआरसीटी के अफसर रेलवे स्टेशन पर मौजूद रहे।

शहर में आये मेहमान होटल में कुछ देर विश्राम, स्नान ध्यान और नाश्ता के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे । उसके बाद मां विशालाक्षी एवं अन्नपूर्णा मंदिर में जाएंगे। वहां पर पूजन और दर्शन करेंगे। यहां के बाद मेहमानों का दल गंगा के रास्ते नमोघाट के लिए प्रस्थान कर जाएगा। बताते चले काशी तमिल संगमम-3 में कुल 6 जत्थों में शामिल 200–200 की संख्या में 1200 मेहमानों को काशी आना है। इसमें दो जत्थे काशी आ चुके हैं। काशी आने वाले तमिल मेहमानों को तमिल महाकवि सुब्रह्मण्य भारती के हनुमानघाट स्थित घर और म्यूजियम का दीदार कराया जाएगा। यह दल 17 फरवरी को प्रयागराज पहुंच कर महाकुंभ में संगम तट पर डुबकी लगाएगा। इसके बाद 18 फरवरी को दल के सदस्य अयोध्या में बने दिव्य और भव्य रामलला के मंदिर में हाजिरी लगाएंगे। 19 फरवरी को दल की वाराणसी में वापसी होगी और उसी दिन दल विशेष ट्रेन से तमिलनाडु के लिए प्रस्थान कर जाएगा।

संगमम समारोह के इस तीसरे संस्करण के आयोजन का उद्देश्य सिद्ध चिकित्सा प्रणाली (भारतीय चिकित्सा), शास्त्रीय तमिल साहित्य में ऋषि अगस्त्य के महत्वपूर्ण योगदान के साथ ही राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता में उनके योगदान को बताना भी है। भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में म?हर्षि की भूमिका के लिए उन्हें जावा और सुमात्रा में भी पूजा जाता है। काशी तमिल संगमम तमिलनाडु व काशी के बीच शाश्वत संबंधों का उत्सव मनाने, सभ्यतागत संबंधों को मजबूत करने और एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को आगे बढ़ाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खास प्रेरणादायक पहल है।